जिला पंचायत विजयनगर ಕರ್ನಾಟಕ ಸರ್ಕಾರ लोक शिक्षा मंत्रालय - विजयनगर

## सरकारी स्नातक पूर्व कॉलेज [ हा,वि ] टि बि ड्याम होसपेटे

# हिंदी वल्लरी

### तृतीय भाषा हिंदी



*अध्यापक*


अब्दुल कलाम के

सरकारी स्नातक पूर्व कॉलेज टि बि ड्याम

होसपेटे ता विजयनगर जिला

मोबैल- 9845400842

# मातृभूमि

**I.** एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

**1.कवि किसे प्रणाम कर रहे हैं?**

कवि मातृभूमि को प्रणाम कर रहे हैं।

**2.भारत माँ के हाथों में क्या है?**

भारत माँ.के एक हाथ में न्याय पताका तथा दूसरे हाथ में ज्ञान-दीप है।

**3. आज माँ के साथ कौन हैं?**

आज माँ के साथ कोटि-कोटि भारतवासी हैं।

**4. सभी ओर क्या गूंज उठा है?**

सभी ओर 'जय हिन्द' का नाद गूंज उठा है।

**5.भारत के खेत कैसे हैं? [अथव] मातृभूमि के खेत कैसे है?**

भारत/मातृभूमि के खेत हरे-भरे और सुहाने हैं।

**6. भारत भूमि के अंदर क्या-क्या भरा हुआ हैं?**

भारत भूमि के अंदर खनिजों का व्यापक धन भरा हुआ हैं।

**7. सुख-संपत्ति, धन-धाम को माँ कैसे बाँट रही है?**

सुख-संपत्ति और धन-धाम को माँ मुक्त हस्त या निस्वार्थ भाव से बाँट रही है।

**8. जग के रूप को बदलने के लिए कवि किससे निवेदन करते है? [अथवा] कवि भारत-माता से क्या निवेदन कर रहे हैं?**

जग के रूप को बदलने के लिए कवि भारतमाता से निवेदन कर रहे हैं।

**9. 'जय-हिंद' का नाद कहाँ-कहाँ पर गूँजना चाहिए?**

सम्पूर्ण देश के नगर-नगर और ग्राम-ग्राम में 'जय-हिंद' का नाद गूंजना चाहिए।

**II.** दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

**1. भारत माँ के प्रकृति-सौंदर्य का वर्णन कीजिए।**

**[अथवा]**

**कवि भगवतीचरण वर्मा ने मातृभूमि के प्रकृति-सौंदर्य को किस प्रकार वर्णित किया है?**

भारत माँ के खेत हरे-भरे और सुहाने है । वन-उपवन फ़म-फ़ूलों से युत है । भारत भूमि के अंदर खनिजों का व्यापक धन भरा हुआ है । भारत माता सुख-संपत्ति और धन-धाम को मुक्त हस्त से बाँट रही है । इससे भारात माता का प्रकृति-सौन्दर्य बढ़ गया है।

**2.** मातृभूमि का स्वरूप कैसे सुशोभित है? [अथवा] 'मातृभूमि' कविता में भारत माता का स्वरूप कैसे वर्णित है ?

मातृभूमि अमरों की जननी है । भारत माता के एक हाथ में न्याय पताका है, जो न्याय का प्रतीक है । दूसरे हाथ में ज्ञान का दीप है, जो ज्ञान का प्रतीक है । भारत माता न्याय तथा ज्ञान द्वारा बच्चों का मार्गदर्शन कर रही है । इस प्रकार भारत माँ का स्वरूप सुशोभित है।

**III.** अनुरूपताः

1] वसीयत : नाटक : : चित्रलेखा : _____

2] शत-शत : द्विरुक्ति : : हरे-भरे : _____

3] बायें हाथ में : न्याय पताका : : दाहिने हाथ में : _____

4] हस्त : हाथ : : पताका : ____

**1]** उपन्यास **2]** शब्द युग्म **3]** ज्ञानदीप **4]** ध्वज।

**IV.** दोनों खंडों को जोड़कर लिखिए :

| अ | | आ |
|---|---|---|
| 1) तेरे उर में शायित | – | ऊ) गाँधी, बुद्ध और राम |
| 2) फल-फूलों से युत | – | अ) वन-उपवन |
| 3) एक हाथ में | – | उ) न्याय-पताका |
| 4) कोटि-कोटि हम | – | आ) आज साथ में |
| 5) मातृ-भू | – | ई) शत-शत बार प्रणाम |

**V.** रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

1] कवि मातृभूमि को ____ बार प्रणाम कर रहे हैं।

2] भारत माँ के उर में गांधी, बुद्ध और राम ____

3] वन, उपवन _____ से युक्त है।

4] ____ हस्त से मातृभूमि सुख-संपत्ति बाँट रही है।

5] सभी ओर _____ का नाद गूंज उठे।

**1]** शत-शत **2]** शायित **3]** फल-फूलों **4]** मुक्त **5]** 'जय-हिंद'।

**VI.** भावार्थ लिखिए :

एक हाथ में न्याय-पताका,
ज्ञान-दीप दूसरे हाथ में,
जग का रूप बदल दे, हे माँ,
कोटि-कोटि हम आज साथ में।
गूँज उठे जय-हिंद नाद से-
सकल नगर और ग्राम,
मातृ-भू, शत-शत बार प्रणाम।

प्रस्तुत पंक्तियाँ भगवतीचरण वर्मा द्वारा रचित 'मातृभूमि' नामक कविता से ली गई हैं। कवि भारत माता के स्वरूप का वर्णन करते हुए कहते हैं – भारत माता के एक हाथ में न्याय की पताका है, तो दूसरे हाथ में ज्ञान का दीप है। अर्थात, भारत माँ अपने बच्चों में न्याय करते हुए ज्ञान प्रदान कर रही है, तो कवि भारत माँ से विनंति कर रहे हैं कि, हे भारतमाता तुम अपने न्याय तथा ज्ञान से इस जग का रूप बदल दो। आज हम कोटि-कोटि भारतवासी तुम्हारे साथ हैं। सारे देश में, ग्राम-ग्राम और नगर-नगर में, 'जय-हिंद' का नाद गूंज उठे। हे माँ! तुम्हें शत-शत प्रणाम।

**VII. पद्य भाग को पूर्ण कीजिए:**

हरे-भरे हैं खेत सुहाने,
फल-फूलों से युत वन-उपवन,
तेरे अंदर भरा हुआ है,
खनिजों का कितना व्यापक धन।
मुक्त-हस्त तू बाँट रही है,
सुख-संपत्ति, धन-धाम,
मातृ-भू, शत-शत बार प्रणाम।

# कश्मीरी सेब

**I.** एक वाक्य में उत्तर लिखिए:

**1.लेखक चीजें खरीदने कहाँ गये थे?**

लेखक चीज़े खरीदने चौक में गये थे।

**2.लेखक को क्या नजर आया?**

एक दुकान पर बहुत अच्छे, रंगदार, गुलाबी सेब सजे हुए नजर आए।

**3.लेखक का जी क्यों ललचा उठा?**

दुकान पर रंगदार, गुलाबी सेब देखकर लेखक का जी ललचा उठा।

**4.टोमाटो किसका आवश्यक अंग बन गया है?**

टोमाटो भोजन का आवश्यक अंग बन गया है।

**5.स्वाद में सेब किससे बढ़कर नहीं है?**

स्वाद में सेब आम से बढ़कर नहीं है।

**6.रोज एक सेब खाने से किनकी जरूरत नहीं होगी?**

रोज़ एक सेब खाने से डॉक्टर की जरूरत नहीं होगी।

**II.** दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

**1.आजकल शिक्षित समाज में किसके बारे में विचार किया जाता है?**

आजकल शिक्षित समाज में विटामिन और प्रोटीन के बारे में विचार किया जाता है।

**2.दुकानदार ने लेखक से क्या कहा?**

दुकानदार ने लेखक से कहा, "बाबूजी, बड़े मजेदार सेब आये हैं, खास कश्मीर के। आप ले जाएँ, खाकर तबीयत खुश हो जायेगी।"

**3.दुकानदार ने अपने नौकर से क्या कहा?**

दुकानदार ने अपने नौकर से कहा कि आधा सेर कश्मीरी सेब लेखक के लिए निकालकर लाए।

**4.सेब की हालत के बारे में लिखिए।**

दुकानदार के मतानुसार सेब न ताजे थे और न खाने के योग्य थे । एक सेब सड़ा हुआ था, दूसरा आधा सड़ा हुआ। तीसरा सेब दबककर पिचक गया था तो चौथा सेब काटने पर पता चला कि उसके अन्दर धब्बे हैं।

**III.** जोड़कर लिखिए : आ – ब

उत्तर:-

| | |
|---|---|
| 1) सेब को रूमाल में बाँधकर – | आ) मुझे दे दिया। |
| 2) फल खाने का समय तो – | अ) प्रातःकाल है। |
| 3) एक सेब भी खाने – | ई) लायक नहीं। |
| 4) व्यापारियों की साख – | इ) बनी हुई थी। |

**IV.** **विलोम शब्द लिखिए :**

1] शाम × सबेरे 2] खरीदना × बेचना 3] बहुत × कम 4] अच्छा × बुरा 5] शिक्षित × अशिक्षित 6] आवश्यक × अनावश्यक 7] गरीब × अमीर 8] रात × दिन 9] संदेह × निःसंदेह 10] साफ × गंदा 11] बेईमान × ईमानदार 12] विश्वास × अविश्वास 13] सहयोग × असहयोग 14] हानि × लाभ 15] पास × दूर 16] गम × खुशी

**V.** **अनुरूपता:**

1] केला : पीला रंग : : सेब : _____

2] सेब : फल : : गाजर : ______

3] नागपुर : संतरा : : कश्मीर : _____

4] कपड़ा : नापना : : टोमाटो : ____

**उत्तर:- 1] गुलाबी रंग 2] सब्जी 3] सेब 4] तोलना।**

**VI.** **अन्य वचन लिखिए :**

1] चीजों – चीज 2] रास्ता – रास्ते 3] फल – फल 4] घर – घर 5] रुपए – रूपया 6] आँखें – आँख 7] कर्मचारी – कर्मचारियों 8] व्यापारी – व्यापारियों 9] रेवड़ी – रेवडियाँ10] दुकान – दुकानें

**VII.** **प्रत्येक शब्द के अंतिम अक्षर से एक और शब्द बनाइए :**

**उदाः सेब → बंदर → रंग → गरम**

दुकान → नदी → दीपक → कमरा → रास्ता

बाजार → रग → गम → मकान → नमक

रूमाल → लड़का →काला → लाल → लकड़ी

लेखक → कवि → विचारक → कल्पना → नाटक

**VIII.** **निम्नलिखित वाक्यों को सही क्रम मे लिखिए :**

**1.** **गाजर गरीबों भी पहले के पेट की चीज़ भरने थी।**

गाजर भी पहले गरीबों के पेट भरने की चीज थी।

**2.** **अब चीज नहीं है वह केवल स्वाद की।**

अब वह केवल स्वाद की चीज नहीं है।

**3.** **नहीं लायक खाने भी सेब एक।**

एक भी सेब खाने लायक नहीं।

**4.** **मालूम हुई घर आकर अपनी भूल।**

घर आकर अपनी भूल मालूम हुई।

**IX.** **कन्नड अथवा अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :**

1. गाजर भी पहले गरीबों के पेट भरने की चीज़ थी।

ಗಜರಿಯೂ ಸಹ ಮೊದಲು ಬಡವರ ಹೊಟ್ಟೆ ತುಂಬುವ ವಸ್ತುವಾಗಿತ್ತು.

2. दुकानदार ने कहा – 'बड़े मजेदार सेब आये हैं।

ಅಂಗಡಿಯವನು ಹೇಳಿದ ತುಂಬಾ ರುಚಿಕರವಾದ ಸೇಬುಗಳು ಬಂದಿವೆ.

3. एक सेब भी खाने लायक नहीं।

ಒಂದು ಸೇಬೂ ಸಹ ತಿನ್ನಲಿಕ್ಕೆ ಯೋಗ್ಯವಾಗಿದ್ದಿಲ್ಲ.

4.दुकानदार ने मुझसे क्षमा माँगी।

ಅಂಗಡಿಯವನು ನನಗೆ ಕ್ಷಮೆ ಕೇಳಿದ.

# गिल्लू

**I.** एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

**1.लेखिका ने कौए को क्यों विचित्र पक्षी कहा है?**

कौए का एक साथ समादरित, अनादरित, अति सम्मानित और अति अपमानित होने के कारण लेखिका ने कौए को विचित्र पक्षी कहा है।

**2.गिलहरी का बच्चा कहाँ पड़ा था?**

गिलहरी का बच्चा गमले और दीवार की संधि में पड़ा था।

**3. लेखिका ने गिल्लू के घावों पर क्या लगाया?**

लेखिका ने गिल्लू के घावों पर पेन्सिलिन का मरहम लगाया।

**4. वर्मा जी गिलहरी को किस नाम से बुलाती थीं?**

वर्मा जी गिलहरी को 'गिल्लू' कहकर पुकारती थीं।

**5. गिलहरी का लघु गात किसके भीतर बंद रहता था?**

गिलहरी का लघु गात लिफाफे के भीतर बंद रहता था।

**6. गिलहरी का प्रिय खाद्य क्या था?**

गिलहरी का प्रिय खाद्य काजू था।

**7. लेखिका को किस कारण से अस्पताल में रहना पड़ा?**

मोटर दुर्घटना में आहत हो जाने के कारण लेखिका को अस्पताल में रहना पड़ा।

**8. गिलहरी गर्मी के दिनों में कहाँ लेट जाता था?**

गिलहरी गर्मी के दिनों में सुराही पर लेट जाता था।

**9. गिलहरियों की जीवनावधि सामान्यतया कितनी होती है?**

गिलहरियों की जीवनावधि सामान्यतया दो वर्ष होती है।

**10. गिलहरी की समाधि कहाँ बनायी गयी है?**

गिलहरी की समाधि सोनजुही लता के नीचे बनाई गयी है।

**II.** दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

**1.लेखिका को गिलहरी किस स्थिति में दिखायी पड़ी?**

लेखिका को गिलहरी गमले और दीवार की संधि में छिपी पडी । काकद्वय की चोंचों के दो । घाव उस लघुप्राण के लिए बहुत थे। इसलिए वह निश्चेष्टं-सा गमले से चिपका पड़ा था।

**2. लेखिका ने गिल्लू के प्राण कैसे बचाये? [अथवा] महादेवी जी ने गिलहरी के बच्चे की जान कैसे बचायी?**

सब ने कहा कि कौए की चोंच का घाव लगने के बाद वह बच नहीं सकता, अतः ऐसे ही रहने दिया जावे। लेखिका का मन न माना तो उसे हौले से उठा कर अपने कमरे में लायी फिर रुई से रक्त पोंछकर घावों पर पेन्सिलिन का मरहम लगाया। कई घंटे के उपचार के बाद उसके मुँह में एक बूंद पानी टपकाया जा सकेगा। इस प्रकार लेखिका ने गिल्लू के प्राण बचाये।

**3. लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू क्या करता था? [अथवा] गिल्लू लेखिका का ध्यान कैसे आकर्षित करता था?**

जब लेखिका लिखने को बैठती थी, उसका ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू को तीव्र इच्छा होती थी। वह सर्र से परदे पर चढ़ जाता और फिर उसी तेजी से उतरता। जब तक लेखिका उसे पकड़ न लेती, तब तक उसका यह क्रम बराबर चलता रहता।

**4. वर्मा जी को चौंकाने के लिए गिल्लू कहाँ-कहाँ छिप जाता था?**

महादेवी वर्मा को चौंकाने के लिए गिल्लू कभी फूलदान के फूलों में छिप जाता था। कभी परदे की चुन्नट में और कभी सोनजुही की पत्तियों में छिप जाता था।

**5. गिल्लू ने लेखिका की गैरहाजरी में दिन कैसे बिताये?**

गिल्लू ने लेखिका की गैरहाजरी में जब उसके कमरे का दरवाजा खोला जाता, गिल्लू अपने झूले से उतरकर दौडता और फिर किसी दूसरे को देखकर तेजी से अपने घोंसले में जा बैठता । वह उन दिनों अपना प्रिय खाद्य काजू को कम खाता रहा।

**III. पाँच-छः/सात-आठ वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

**1. गिल्लू के कार्य-कलाप के बारे में लिखिए।**

लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू ने उनके पैर तक आकर सर्र से परदे पर चढ़ जाता और फिर उसी तेजी से उतरता था। भूख लगने पर चिक-चिक करके आवाज करता था। खिड़की की खुली जाली की राह बाहर चला जाता और ठीक चार बजे वह खिड़की से भीतर आकर अपने झूले में झूलने लगता।

**2. लेखिका ने गिलहरी को क्या-क्या सिखाया?**

लेखिका जैसे ही खाने के कमरे में पहुँचती, वह खिडकी से निकलकर मेज पर आकर और उसकी थाली में बैठ जाना चाहता । लेखिका ने बडी कठिनाई से मैंने उसे थाली के पास बैठना सिखाया, जहाँ बैठकर वह मेरी थाली में से एकएक उठाकर बडी सफाई से खाता रहता।

**3. गिल्लू के अंतिम दिनों का वर्णन कीजिए।**

गिलहरी के जीवन की अवधि दो वर्ष से अधिक नहीं होती। अतः गिल्लू की जीवन-यात्रा का अंत आ ही गया था। दिन भर उसने न कुछ खाया, न बाहर गया। पंजे इतने ठंडे हो गए थे कि हीटर जलाकर उसे उष्णता देने का प्रयत्न किया। परन्तु प्रभात की प्रथम किरण के साथ ही वह चिर निद्रा में सो गया।

**4. गिल्लू के प्रति महादेवी वर्मा जी की ममता का वर्णन कीजिए।**

महादेवी वर्मा जी ने जीव-प्राणियों को ही अपना परिवार मानकर, उनके प्रति अपनी ममता उँडेली है। 'गिल्लू' भी उनमें एक अच्छा उदाहरण है। गिलहरी को देखते ही उसके प्रति दया करना, घाव का उपचार करना, प्राण बचाना, काजू आदि खिलाना, झूला डालना, उसके साथ खेलना, अन्य गिलहरियों के संग उछल-कूद का अवसर देना इत्यादि गिल्लू के प्रति महादेवी वर्मा जी की ममता का वर्णन है।

**IV.** रिक्त स्थान भरिए :

1] यह _____ भी विचित्र पक्षी है।

2] उसी बीच मुझे _____ में आहत होकर कुछ दिन अस्पताल में रहना पड़ा।

3] गिल्लू के जीवन का प्रथम _____ आया।

4] मेरे पास बहुत से _____ हैं।

5] गिल्लू की _____ का अंत आ ही गया।

**उत्तर:- 1] काकभुशुण्डी 2] मोटर-दुर्घटना 3] वसंत 4] पशु-पक्षी 5] जीवन-यात्रा।**

**V. अनुरुप शब्द लिखिए :**

1] 1907 : महादेवी वर्मा जी का जन्म : : 1987 : ___

2] गुलाब : पौधा : : सोनजुही : ___

3] हंस : सफेद : : कौआ : ___

4] बिल्ली : म्याऊँ-म्याऊँ : : गिल्लू : ___

5] कोयल : मधुर स्वर : : कौआ : ___

**उत्तर:- 1] महादेवी वर्मा जी का निधन 2] फूल 3] काला 4] चिक-चिक 5] ककश स्वर।**

**VI. कन्नड़ या अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए:**

**1]** कई घंटों के उपचार के उपरांत उसके मुहँ मे एक बूँद पानी टपकाया जा सका ।

ಹಲವು ಗ್ಂಟೆಗಳ್ ಉಪಚಾರದ ನಂತರ ಅದರ ಬಾಯಿಯಲ್ಲಿ ಒಂದು ಹನಿ ನೀರು ಬಿಡಲು ಸಾಧ್ಯವಾಯಿತು.

**2]** बड़ी कठिनाई से मैंने उसे थाली के पास बैठना सिखाया ।

ತುಂಬಾ ಕಷ್ಟಪಟ್ಟು ನಾನು ಅದಕ್ಕೆ ತಟ್ಟೆಯ ಹತ್ತಿರ ಕುಳಿತುಕೊಳ್ಳುವುದನ್ನು ಕಲಿಸಿದೆ.

**3]** गिल्लू मेरे पास रखी सुराही पर लेट जाता था ।

ಗಿಲ್ಲೂ ನನ್ನ ಹತ್ತಿರ ಇಟ್ಟಿರುವ ಹೂಜಿಯ ಮೇಲೆ ಮಲಗುತ್ತಿತ್ತು.

**4]** दिन भर गिल्लू ने न कुछ खाया, न वह बाहर गया ।

ದಿನವಿಡೀ ಗಿಲ್ಲೂ ಏನೂ ತಿನ್ನಲೂ ಇಲ್ಲ, ಹೊರಗಡೆಯೂ ಹೋಗಲಿಲ್ಲ.

**VII. दिए गए सही स्त्रीलिंग शब्दों को चुनकर संबंधित पुल्लिंग शब्द के आगे लिखिए :**

(मयूरी, लेखिका, श्रीमती, कुतिया)

**पुल्लिंग – स्त्रीलिंग**

लेखक – लेखिका श्रीमान – श्रीमती

मयूर – मयूरी (मयूरनी) कुत्ता – कुतिया

**VIII.** **रिक्त स्थान भरिए :**

**एकवचन – बहुवचन**

1] उँगली – उँगलियाँ 2] आँख – आँखें 3] पूँछ – पूंछे 4] खिड़की – खिड़कियाँ

5] फूल – फूल 6] पंजा – पंजे 7] लिफाफा लिफाफे 8] कौआ – कौए

9] गमला – गमले 10] घोंसला – घोंसले

**IX.** **उदाहरणानुसार प्रेरणार्थक क्रिया रूप लिखिए :**

01] लिखना – लिखाना – लिखवाना 02] मिलना – मिलाना – मिलवाना

03] चलना – चलाना – चलवाना 04] भेजना – भिजाना – भिजवाना

05] खेलना – खिलाना – खिलवाना 06] देना – दिलाना – दिलवाना

07] रोना – रुलाना – रुलवाना 08] धोना – धुलाना – धुलवाना

09] खोलना – खुलाना – खुलवाना 10] सीना – सिलाना – सिलवाना

11] सीखना – सिखाना – सिखवाना 12] बाँटना – बँटना – बँटवाना

13] माँझना – मँझना – मँझवाना 14] जाँचना – जँचना – जंचवाना

**X.** **विलोम शब्द लिखिए :**

1] निकट × दूर 2] दिन × रात 3] भीतर × बाहर 4] चढ़ना × उतरना

5] विश्वास × अविश्वास 6] प्रिय × अप्रिय 7] संतोष × असंतोष 8] स्वस्थ × अस्वस्थ

9] बलवान × बलहीन 10] बुद्धिमान × बुद्धिहीन 11] शक्तिमान × शक्तिहीन 12] दयावान × दयाहीन

13] उत्तीर्ण × अनुत्तीर्ण 14] उपयोग × अनुपयोग 15] उपस्थिति × अनुपस्थिति 16] उचित × अनुचित

17] ईमान × बेईमान 18] होश × बेहोश 19] खबर × बेखबर 20] चैन × बेचैन

21] धन × निर्धन 22] जन × निर्जन 23] बल × निर्बल 24] गुण × निर्गुण

**XI.** **समानार्थक शब्दों को चुनकर लिखिए :**

( खाना, शरीर, चिकित्सा, इलाज, देह, तलाश, भोजन, साहस, अचरज, धैर्य, ढूँढ, आश्चर्य)

उदाः उपचार – चिकित्सा – इलाज

1] गात – शरीर – देह 2] आहार – भोजन – खाना 3] विस्मय – आश्चर्य – अचरज

4] हिम्मत – धैर्य – साहस 5] खोज – तलाश – ढूंढ

**XII.** **कारक का नाम लिखिए :**

उदाः गमले के चारों ओर – संबंध कारक

1] मुँह में एक बूंद पानी – _____ अधिकरण कारक 2] गिल्लू को पकड़कर – ____ कर्म कारक

3] जीवन का प्रथम वसंत – ______ संबंध कारक 4] खिड़की की खुली जाली – ______ संबंध कारक

5] मैंने कीलें निकालकर – _____ कर्ता कारक 6] झूले से उतरकर – _____ अपादान कारक

7] सुराही पर लेट जाता – _____ अधिकरण कारक 8] कुछ पाने के लिए – ____ संप्रदान कारक।

# **‘अभिनव मनुष्य’**

**I.** एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

**1.**आज की दुनिया कैसी है?

आज की दुनिया विचित्र और नवीन है।

**2.**मानव के हुक्म पर क्या चढ़ता और उतरता है? [अथवा] पवन का ताप किसके हुक्म पर चढ़ता-उतरता है?

मानव के हुक्म पर पवन का ताप चढ़ता और उतरता है।

**3.** परमाणु किसे देखकर काँपते हैं?

परमाणु मनुष्य के करों (हाथों) को देखकर काँपते हैं।

**4.** ‘अभिनव मनुष्य’ कविता के कवि का नाम लिखिए।

‘अभिनव मनुष्य’ कविता के कवि रामधारीसिंह दिनकर है।

**5.** आधुनिक पुरुष ने किस पर विजय पायी है?

आधुनिक पुरुष ने प्रकृति के हर तत्व पर विजय पायी है।

**6.** नर किन-किन को एक समान लाँघ सकता है?

नर सरिता, गिरि और सिन्धु को एक समान लाँघ सकता है।

**7.** आज मनुज का यान कहाँ जा रहा है?

आज मनुष्य का यान गगन में जा रहा है।

**II.** दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

**1.** ‘प्रकृति पर सर्वत्र है विजयी पुरुष आसीन’ – इस पंक्ति का आशय समझाइए। [अथवा] आधुनिक मानव में प्रकृति पर कैसे विजय प्राप्त किया है?

आज मनुष्य ने अपनी बुद्धि और सामर्थ्य का उपयोग करके प्रकृति के सभी क्षेत्रों में (आकाश, पाताल, धरती) विजय प्राप्त कर ली है। विजयी पुरुष प्रकृति पर आसीन है। प्रकृति को विकृत कर दिया है। प्रकृति के सहज स्वरूप को असहज स्वरूप बना दिया है।

**2.** दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है? [अथवा] दिनकर जी के अनुसार मानव का सही पहचान क्या है? [अथवा] ‘अभिनव मनुष्य’ के आधार पर मनुष्य का सही परिचय कैसे स्थापित किया गया है? [अथवा] कवि के अनुसार कौन सा मानव, मानव कहलाने का अधिकारी है?

जो मनुष्य सभी मानवों से स्नेह का बाँध बाँधता है वही मानव कहलाता है । जो मानव दूसरे मानव से प्रेम का रिश्ता जोडकर आपस की दूरी को मिटाता है वही सही मानव है।

**3.** इस कविता का दूसरा कौन-सा शीर्षक हो सकता है ? क्यों ?

मनुष्य ने प्रकृति पर विजय पाने का सफल प्रयास किया है। उन्होंने प्रकृति के हर तत्व पर विजय प्राप्त कर ली है। इसलिए इस कविता का दूसरा शीर्षक हो सकता है – ‘प्रकृति पुरुष’।

**III.** भावार्थ लिखिए : **यह मनुज, जो सृष्टि का श्रृंगार,**

**ज्ञान का, विज्ञान का, आलोक का आगार।**

**व्योम से पाताल तक सब कुछ इसे है ज्ञेय।**

**पर, न यह परिचय मनुज** का, यह न उसका श्रेय।

यह पंक्तियाँ दिनकर जी की कविता 'अभिनव मनुष्य' से ली गयी हैं। प्रस्तुत पंक्तियों में कवि दिनकर जी कहते हैं कि, यह जो आधुनिक मनुष्य है वह पूरी सृष्टि का श्रृंगार है। इस के भीतर ज्ञान तथा विज्ञान का प्रकाश भरा पड़ा है। जिस के कारण वह सृष्टि पर विजय प्राप्त कर चुका है। अपने ज्ञान के कारण आकाश से पाताल तक की सभी गतिविधियों को जानता है, पर यह सारी विजय भी न उसका असली परिचय देती है ना ही उसके गौरव को बढ़ाती है।

**IV.** उदाहरण के अनुसार तुकांत शब्दों को पहचानकर लिखिए **:**

उदाः **नवीन – आसीन**

1] भाप – ताप

2] व्यवधान – समान

3] श्रृंगार – आगार

4] ज्ञेय – श्रेय

5] जीत – प्रीत

**V.** पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए **:**

आज की दुनिया विचित्र, नवीन

प्रकृति पर सर्वत्र है विजयी पुरुष आसीन।

है बँधे नर के करों में वारि, विद्युत, भाप,

हुक्म पर चढ़ता-उतरता है पवन का ताप।

**VI.** पर्यायवाची शब्द लिखिए **:**

1] दुनिया – संसार, विश्व।

2] विचित्र – अद्भुत, अनोखा

3] नवीन – नया, नूतन

4] नर – पुरुष, आदमी

5] वारि – जल, अंबु

6] कर – हस्त, हाथ

7] आगार – स्थान, गोदाम।

**VII.** विलोम शब्द लिखिए **:**

1] आज × कल

2] नवीन × प्राचीन

3] चढ़ता × उतरता

4] समान × असमान

5] ज्ञान × अज्ञान

6] जीत × हार

7] असीमित × सीमित

8] तोड़ × जोड़

**VIII.** एक शब्द लिखिए :

**जैसे : सभी जगहों में – सर्वत्र।**

1] आसन पर बैठा हुआ – ____

2] बचा हुआ – _____

3] मनु की संतान – ____

4] विशेष ज्ञान – _____

5] अधिक विद्या प्राप्त – _____

उत्तर:- **1]** आसीन **2]** शेष **3]** मनुज **4]** विशेषज्ञ **5]** विद्वान।

**IX.** अनुरूप शब्द लिखिए :

1] गिरि : पहाड़ : : वारि : ____

2] पवन : वायु : : सिंधु : _____

3] ज़मीन : आसमान : : आकाश : ____

4] नर : आदमी : : उर : ____

उत्तर:- **1]** जल **2]** सागर **3]** पाताल **4]** हृदय।

# मेरा बचपन

**I.** एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

**1. अब्दुल कलाम जी का जन्म कहाँ हुआ?**

अब्दुल कलाम जी का जन्म मद्रास राज्य (वर्तमान तमिलनाडु) के रामेश्वरम् कस्बे में हुआ था।

**2. अब्दुल कलाम जी बचपन में किस घर में रहते थे?**

अब्दुल कलाम जी बचपन में अपने पुश्तैनी घर में रहते थे।

**3. अब्दुल कलाम जी के बचपन में दुर्लभ वस्तु क्या थी?**

अब्दुल कलाम जी के बचपन में पुस्तकें एक दुर्लभ वस्तु की तरह थी।

**4. जैनुलाबंदीन ने कौन-सा काम शुरू किया?**

जैनुलाबदीन ने नौकाएँ बनाने का काम शुरू किया।

**5. अब्दुल कलाम जी के चचेरे भाई कौन थे?**

अब्दुल कलाम जी के चचेरे भाई शम्सुद्दीन थे।

**II.** दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

**1. अब्दुल कलाम का बचपन बहुत ही निश्चिंतता और सादगी में बीतने के कारण लिखिए।**

अब्दुल कलाम के पिता आडंबरहीन व्यक्ति थे और सभी अनावश्यक एवं ऐशो-आराम वाली चीजों से दूर रहते थे। घर पर सभी आवश्यक चीजे समुचित मात्रा में सरलता से उपलब्ध थीं। इसलिए कलाम का बचपन निश्चिंतता और सादगी में बीता।

**2. आशियम्मा जी अब्दुल कलाम को खाने में क्या-क्या देती थीं?**

आशियम्मा जी अब्दुल कलाम को खाने में चावल के साथ सुगंधित, स्वादिष्ट सांबार देती थी साथ में घर का बना अचार और नारियल की ताज़ी चटनी भी देती थी।

**3. जैनुलाबदीन नमाज के बारे में क्या कहते थे? [अथवा] अब्दुल कलामजी ने नमाज की प्रासंगिकता के बारे में क्या कहा है?**

जैनुलाबदीन नमाज के बारे में कहते थे, जब तुम नमाज पढ़ते हो तो तुम अपने शरीर में इतर ब्रह्मांड का एक हिस्सा बन जाते हो, जिसमें दौलत, आयु, जाति या धर्म-पंथ का कोई भेदभाव नहीं होता।

**4. जैनुलाबदीन ने कौन-सा काम शुरू किया?**

जैनुलाबदीन ने लकडी की नौकाएँ बनाने का काम शुरु किया । ये नौकाएँ तीर्थ यात्रियों को रामेश्वरम् से धनुषकोड तक लाने ले जाने के काम आती थीं।

**III.** चार-पाँच वाक्यों में उत्तर लिखिए :

**1. शम्सुद्दीन अखबारों के वितरण का कार्य कैसे करते थे?**

शम्सुद्दीन अब्दुल कलाम के चचेरे भाई थे। वे रामेश्वरम् में अखबारों के एकमात्र वितरक थे। अखबार रामेश्वरम् स्टेशन पर ट्रेन से पहुँचते थे। इस अखबार एजेंसी को अकेले शम्सुद्दीन ही चलाते थे। वे एक हजार प्रतिया रोज़ बेचते थे।

**IV.** **इन मुहावरों पर ध्यान दीजिए :**

1] पौ फटना = प्रभात होना　　2] काम आना = काम में आना, इस्तेमाल होना।

**V.** **अन्य वचन रूप लिखिए :**

बच्चा, गली, केला, नौका, प्रतियाँ, पुस्तकें

1] बच्चा – बच्चे　　2] गली – गलियाँ　　3] केला – केले

4] नौका – नौकाएँ　　5] प्रतियाँ – प्रति　　6] पुस्तकें – पुस्तक

**VI.** **विलोम शब्द लिखिए :**

बहुत, शाम, सफल, अच्छा, बड़ा, अपना

1] बहुत × थोडा　　2] शाम × सुबह

3] सफल × असफल　　4] अच्छा × बुरा

5] बड़ा × छोटा　　6] अपना × पराया

**VII.** **जोड़कर लिखिए :**

**उत्तर:-**　अ　–　आ

1) मेरे पिता　– ई) जैनुलाबदीन

2) मद्रास राज्य　– उ) तमिलनाडु

3) शम्सुद्दीन　– अ) चचेरे भाई

4) अहमद जलालुद्दीन　– आ) अंतरंग मित्र

5) पक्का दोस्त　– इ) रामानंद शास्त्री

**VIII.** **रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

1] आशियम्मा उनकी आदर्श ___ थीं।

2] रामेश्वरम् प्रसिद्ध _____ है।

3] पुजारी पक्षी लक्ष्मण शास्त्री मेरे पिताजी के _____ थे।

4] अखबार एजेंसी को अकेले _____ ही चलाते थे।

5] अहमद जलालुद्दीन की _____ के साथ शादी हो गई।

**उत्तर:- 1] जीवन संगिनी　2] तीर्थस्थल　3] अभिन्न मित्र　4] शम्सुद्दीन**

**5] अब्दुल कलाम की बड़ी बहन जोहरा।**

**IX.** अनुरूपता:

1] गांधीजी : राष्ट्रपिता : : अब्दुल कलाम : ___

2] जलालुद्दीन : जीजा : : शम्सुद्दीन : _____

3] ट्रेन : भू-यात्रा : : नौका : ______

4] हिंदू : मंदिर : : इस्लाम : ______

**उत्तर:- 1] राष्ट्रपति 2] चचेरे भाई 3] जल-यात्रा 4] मस्जिद।**

**X. सही शब्द से खाली स्थान भरिए :**

1.अब्दुल कलाम का जन्म ______ में हुआ।

अ) चेन्नै आ) बेंगलूरु **इ) रामेश्वरम्** ई) श्रीरंगम्

2.रामेश्वरम् में प्रतिष्ठित ________ मंदिर है।..

अ) विष्णु आ) अय्यप्पा इ) हनुमान **ई) शिव**

3.जैनुलाबदीन की दिनचर्या ______ के पहले शुरू होती थी।

**अ) पौ फटने** आ) सूर्यास्त इ) दोपहर ई) शाम

4.अहमद जलालुद्दीन अब्दुल कलाम को _______ कहकर पुकारा करते थे।

अ) अब्दुल **आ) आजाद** इ) राष्ट्रवादी ई) कलाम

**XI. वाक्यों में प्रयोग कीजिए :**

**जीवन संगिनी, पुश्तैनी, प्रसिद्ध, दिनचर्या, संतुष्टि**

**जीवन संगिनी :** कस्तूरबा गांधी एक आदर्श जीवन संगिनी थीं।

**पुश्तैनी :** हमारा पुश्तैनी घर मंगलूर में है।

**प्रसिद्ध :** प्रेमचन्द एक प्रसिद्ध कहानीकार है।

**दिनचर्या :** अच्छे स्वास्थ्य की पहली शर्त है दिनचर्या।

**संतुष्टि :** संतुष्टि एक ऐसा धन है, जिसके अभाव में मनुष्य हमेशा चिंताओं में घिरा रहता है।

**XII. पर्यायवाची शब्द लिखिए :**

घर, बुनियाद, शाम, शरीर, दोस्त

1] घर – मकान 2] बुनियाद – आधार

3] शाम – साँझ 4] शरीर – तन

5] दोस्त – मित्र

# बसंत की सच्चाई

**I.** एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

**1.बसंत क्या-क्या बेचता था?**

बसंत छलनी, बटन, दियासलाई आदि बेचता था।

**2.बसंत के भाई का नाम क्या था?**

बसंत के भाई का नाम प्रताप था।

**3.पंडित राजकिशोर क्या काम करते थे?**

पंडित राजकिशोर एक मजदूर नेता थे।

**4.छलनी का दाम क्या था?**

छलनी का दाम सिर्फ दो आना था।

**5.बसंत और प्रताप कहाँ रहते थे?**

बसंत और प्रताप अहीर टीले में भीखू अहीर के घर में रहते थे।

**6. 'बसंत की सच्चाई' एकांकी में कितने दृश्य हैं?**

'बसंत की सच्चाई' एकांकी में दो दृश्य हैं।

**7. एकांकी का प्रथम दृश्य कहाँ घटता है?**

एकांकी का प्रथम दृश्य एक बड़े नगर के बाजार में घटता है।

**8. बसंत के घर पर डॉक्टर को कौन ले आता है?**

बसंत के घर पर डॉक्टर को पं. राजकिशोर का नौकर अमरसिंह ले आता है।

**9.पं. राजकिशोर के अनुसार बसंत में निहित दुर्लभ गुण कौन-सा है?**

पं. राजकिशोर के अनुसार बसंत में निहित दुर्लभ गुण यह है कि वह ईमानदार है।

**10. पं. राजकिशोर कहाँ रहते थे?**

पं. राजकिशोर किशनगंज में रहते थे।

**II.** दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

**1. छलनी से क्या-क्या कर सकते हैं?**

छलनी से दूध छान सकते हैं। चाय भी छान सकते हैं।

**2. बसंत राजकिशोर से क्या विनती करता है?**

बसंत राजकिशोर से बिनती करता है किसाहब एक छलनी ले लीजिए। सिर्फ दो आना कीमत है।

**3. बसंत राजकिशोर से दो पैसे लेने से क्यों इनकार करता है?**

बसंत राजकिशोर से दो पैसे लेने से इसलिए इनकार करता है कि वह उसे भीख समझता था। वह भीख नहीं लेना चाहता था।

**4.** **बसंत राजकिशोर के पास क्यों नहीं लौटा?**

बसंत राजकिशोर के पास इसलिए नहीं लौटा कि ..वह मोटर से टकरा गया था। वह मोटर के नीचे आकर उसके दोनों पैर कुचले गये थे।

**5.** **प्रताप राजकिशोर के घर क्यों आया?**

राजकिशोर से दिए गए नोट भुनाने के लिए बसंत बाजार की ओर भागा। मगर जब भुनाकर लौट रहा था तो मोटर के नीचे आ गया। उसके दोनों पैर कुचले गये। इसलिए वह नहीं लौटा। छुट्टे पैसे वापस देने के लिए प्रताप राजकिशोर के घर आया।

**6.** **बसंत ने राजकिशोर को छलनी खरीदने के लिए किस तरह प्रेरित किया?**

बसंत राजकिशोर से कहता है कि साहब, छलनी लीजिए। दूध छानिए, चाय छानिए। साहब छलनी लीजिए। सिर्फ दो आना कीमत है। इस प्रकार बसंत ने. राजकिशोर को छलनी खरीदने के लिए प्रेरित किया।

**7.** **बसंत के पैर देखकर डॉक्टर ने क्या कहा?**

बसंत के पैर देखकर डाक्टर ने कहा कि पंडितजी! ऐसा लगता है कि पैर की हड्डी टूट गयी है। स्क्रीन करके देखना होगा दूसरा पैर ठीक है, पर इसे अभी अस्पताल ले जाना चाहीए।

**III.** **चार-छ: वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

**1.** **बसंत ईमानदार लड़का है। कैसे? [अथवा] बसंत के स्वाभिमान और ईमानदारी का परिचय दीजिए। [अथवा] 'बसंत की सच्चाई' एकांकी में स्वाभिमानी बसंत की ईमानदारी कैसे व्यक्त हुई है? [अथवा] बसंत की उत्तम गुणों को उदाहरण सहित लिखिए। [अथवा] बसंत की ईमानदारी का परिचय सोधाहरण दीजिए।**

बसंत ईमानदार और स्वाभिमानी लडका था। वह मेहनती भी था। वह बिना कुछ सामान बेचे, मुफ्त में पैसे लेने के लिए तैयार नहीं है। वह दया की भीख नहीं लेना चाहता है। वह परिश्रम करके जीना चाहता है। बसंत राजकिशोर से भीख नहीं लेकर, उन्हें छलनी खरीदने के लिए प्रेरित करता है। राजकिशोर द्वारा दिए गए नोट भुनाने के लिए वह बाजार जाता है। लेकिन लौटते समय मोटर दुर्घटना में उसके दोनों पैर कुचले जाते है। इसलिए वह नहीं लौट पाता। जब पंद्रह मिनट तक बसंत नहीं लौटता, राजकिशोर वह अब नहीं लौटेगा सोचकर अपने घर चला जाता है। होश आते ही राजकिशोर को छुट्टे पैसे वापस देने के लिए बसंत अपने भाई प्रताप को उनके घर भेजता है। इससे उसकी ईमानदारी मालूम पड़ती है।

**2.** **बसंत और प्रताप अहीर के घर में क्यों रहते हैं?**

दंगों के दिनों में बसंत और प्रताप के माँबाप को किसी ने मार दिया था। तो बसंत और प्रताप दोनों अकेले हो गये थे। इसलिए बसंत और प्रताप भीखू अहीर के घर में रहते हैं।

**3.** **राजकिशोर के मानवीय व्यवहार का परिचय दीजिए। [अथवा] 'पंडित राजकिशोर मानवता के सच्चे मूर्ति थे। कैसे? स्पष्ट कीजिए। [अथवा] पंडित राजकिशोर के परोपकारी गुणों का परिचय दीजिए।**

**[अथवा]** पंडित राजकिशोर बसंत की मदद किस प्रकार करते है? **[अथवा]** पंडित राजकिशोर की परोपकारिता अनुसरणीय है। स्पष्ट कीजिए।

पंडित राजकिशोर मजदूरों के नेता हैं। गरीबों के प्रति सहानुभूति दिखानेवाले व्यक्ति है। वे निःस्वार्थ सेवा करते हैं। बसंत की स्वाभिमानता देखकर, आवश्यकता न रहने पर भी सहायता करने की दृष्टि से वे उससे छलनी खरीदते हैं। प्रताप से बसंत के दुर्घटनाग्रस्त होने का पता चलते ही उसके घर पहुंचते हैं और अस्पताल ले जाने का प्रबंध करते हैं। डॉक्टर से इलाज करवाते हैं और दोनों को सांत्वना देते हैं।

**IV.** अनुरूपता:

1] पं. राजकिशोर : किशनगंज : : बसंत : _____

2] पं. राजकिशोर : मजदूरों के नेता : : बसंत : _____

3] पं. राजकिशोर : मालिक : : अमरसिंह : _____

4] प्रताप : छोटा भाई :: वर्मा : ____

5] ? : प्रश्नार्थक चिह्न : : ! : _____

उत्तर : **1]** अहीर टीला **2]** फेरीवाला **3]** नौकर **4]** डॉक्टर **5]** विस्मयादिबोधक चिह्न ।

**V.** रिक्त स्थान भरिए :

1] मैं अभी बाजार से ______ लाता हूँ।

2] मैं आपके _____ आने लाया हूँ।

3] हम दोनों ____ के घर में रहते हैं।

4] मैं ____ के लिए फोन कर आता हूँ।

5] इसमें एक दुर्लभ गुण है, यह _____ है।

उत्तर : **1]** नोट भुनाकर **2]** साढ़े चौदह **3]** भीखू अहीर **4]** एम्बुलेंस **5]** ईमानदार

**VI.** निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार लिखिए :

1. एक छलनी में तुम्हें क्या बचेगा? (वर्तमानकाल में)

एक छलनी में तुम्हें क्या बचता है।

2. मैं अभी बाजार से भुना लाता हूँ। (भूतकाल में)

मैं अभी बाजार से भुना लाया।

3. एक दूसरे व्यक्ति से पूछता है। (भविष्यत्काल में)

एक दूसरे व्यक्ति से पूछेगा।

**VII.** विलोमार्थक शब्द लिखिए :

1] पीछे × आगे

2] खरीदना × बेचना

3] लेना × देना

4] आना × जाना

5] शांति × अशांति

6] गरीब × अमीर

**VIII. कन्नड़ या अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :**

**1]** उसकी आयु लगभग 12 वर्ष की है।

ಅವನ ವಯಸ್ಸು ಸರಿಸುಮಾರು 12 ವರ್ಷಗಳಿತ್ತು.

**2]** सबेरे से अब तक कुछ नहीं बिका ।

ಮುಂಜಾನೆಯಿಂದ ಇಲ್ಲಿಯವರೆ ಏನೂ ಮಾರಾಟವಾಗಲಿಲ್ಲ.

**3]** मैं भीख नहीं लूँगा ।

ನಾನು ಭಿಕ್ಷೆ ತೆಗೆದುಕೊಳ್ಳುವುದಿಲ್ಲ.

**4]** बड़ी मुश्किल से बसंत को घर ले गए ।

ಬಹಳ ಕಷ್ಟದಿಂದ ಬಸಂತನನ್ನು ಮನೆಗೆ ಕರೆದುಕೊಂಡು ಬಂದೆವು.

**5]** बसंत ओठ भींचकर आह खींचता है ।

ಬಸಂತ್ ತುಟಿ ಬಿಗಿದು, ನೋವನ್ನು ಸಹಿಸಿಕೊಂಡ.

**6]** यह गरीब है पर इसमें एक दुर्लभ गुण है ।

ಇವನು ಬಡವ, ಆದರೆ ಇವನಲ್ಲಿ ಒಂದು ಸಿಗಲಾರದ ಒಂದು ಗುಣವಿದೆ.

# तुलसी के दोहे

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

**1. तुलसीदास मुख को क्या मानते हैं?**

तुलसीदास मुख को मुखिया के समान मानते हैं।

**2. मुखिया को किसके समान रहना चाहिए?**

मुखिया को मुँह के समान रहना चाहिए।

**3. हंस का गुण कैसा होता है?**

हंस 'नीर-क्षीर' को अलग कर देता है, अर्थात् पानी को छोड़कर दूध को स्वीकार कर लेता है।

**4. मुख किसका पालन-पोषण करता है?**

मुख शरीर के सारे अंगों का पालन-पोषण करता है।

**5. दया किसका मूल है?**

दया धर्म का मूल है।

**6. तुलसीदास किस शाखा के कवि हैं?**

तुलसीदास रामभक्ति-शाखा के कवि हैं।

**7.तुलसीदास के माता-पिता का नाम क्या था?**

तुलसीदास के पिता का नाम आत्माराम और माता का नाम हुलसी था।

**8.तुलसीदास के बचपन का नाम क्या था?**

तुलसीदास के बचपन का नाम रामबोला था।

**9.पाप का मूल क्या है?**

पाप का मूल अभिमान है।

**10. तुलसीदास के अनुसार विपत्ति के साथी कौन हैं?**

तुलसीदास के अनुसार विपत्ति के साथी विद्या, विनय और विवेक हैं।

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

**1. मुखिया को मुख के समान होना चाहिए। कैसे?**

मुखिया को मुख के समान होना चाहिए। मुँह खाने-पीने का काम अकेला करता है, लेकिन वह जो खाता-पीता है, उससे शरीर के सारे अंगों का पालन-पोषण होता है। तुलसी की राय में मुखिया को भी ऐसे ही विवेकशील होना चाहिए कि वह सबके हित में काम करें।

**2. मनुष्य को हंस की तरह क्या करना चाहिए? [अथवा] तुलसीदास के अनुसार मनुष्य को हंस से क्या सीखना चाहिए?**

जिस प्रकार हंस पक्षी सारहीन या पानी को छोडकर दूध या सार को ग्रहण करता है उसी प्रकार मनुष्य को पानी रूपी विकार गुणों को छोडकर दूध रूपी अच्छे गुणों को अपनाना चाहिए।

**3. मनुष्य के जीवन में प्रकाश कब फैलता है?**

जब मनुष्य अपने देहलीज रूपी जीभ पर राम नाम रूपी ज्योति रखता है तब उसके मन के अन्दर और बाहर ज्ञानरूपी प्रकाश फैलता है। जब वह रामनाम क जपता है या स्मरण करता है तब मनुष्य के जीवन में चारों ओर ज्ञानरूपी प्रकाश फैलता है।

**III. अनुरूपता :**

1] दया : धर्म का मूल : : पाप : _____ 2] परिहरि : त्यागना : : करतार : ______

3] जीह : जीभ : : देहरी : ____

**उत्तर : 1] अभिमान का मूल 2] सृष्टिकर्ता 3] द्वार।**

**IV. भावार्थ लिखिए :**

**1) मुखिया मुख सों चाहिए, खान पान को एक।**
**पालै पोसै सकल अँग, तुलसी सहित विवेक ॥**

तुलसीदास मुख (मुँह) और मुखिया के स्वभाव की समानता बताते हुए कहते हैं कि मुखिया को मुँह के समान होना चाहिए। मुँह खाने-पीने का काम अकेला करता है, किन्तु उससे सारे शरीर का पालन-पोषण होता है। मुखिया को भी ऐसे ही विवेकवान होना चाहिए कि वह काम इस तरह से करें कि उसका फल समाज के सब लोगों को समान रूप से मिले।

**2) तुलसी साथी विपत्ति के विद्या विनय विवेक।**
**साहस सुकृति सुसत्यव्रत राम भरोसो एक ॥**

इस दोहे में तुलसीदास जी ने विपत्ति अर्थात् बुरे समय के मित्रों के बारे में बताया है। तुलसीदास जी कहते है कि जब मनुष्य पर विपत्ति आ पड़ती है तब उसकी विद्या, विनय तथा विवेक ही उसका साथ निभाते हैं। राम पर भरोसा करनेवाला साहसी, सुकृतवान और सत्यव्रती बनता है।

**VI. जोड़कर लिखिये :**

अ – ब

1) विश्व कीन्ह आ) करतार

2) परिहरि वारि – अ) विकार

3) जब लग घट ई) में प्राण

4) सुसत्यव्रत इ) राम भरोसो एक

**VII. पूर्ण कीजिए :**

मुखिया मुख सों चाहिए, __ ___ ____। **उत्तर:-** खान पान को एक

पालै पोसै सकल अंग, __ ___ ___। **उत्तर:-** तुलसी सहित विवेक

राम नाम मनि दीप धरु, ___ ___ ___। **उत्तर:-** जीह देहरी द्वार

तुलसी भीतर बाहिरौ, ___ __ ___। **उत्तर:-** जो चाहसी उजियार।

# इंटरनेट-क्रांति

**I.** एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

**1.** इंटरनेट का अर्थ क्या है? [अथवा] इंटरनेट का मतलब क्या है?

इंटरनेट अनगिनत कंप्यूटरों के कई अंतर्जालों का एक-दूसरे से संबंध स्थापित करने का जाल है।

**2.** संचार और सूचना क्षेत्र में इंटरनेट का क्या महत्व है?

इंटरनेट के बिना संचार और सूचना दोनों ही क्षेत्र ठप पड़ जाते हैं।

**3.** इंटरनेट बैंकिंग द्वारा क्या भेजा जा सकता है? [अथवा] इंटरनेट बैंकिंग से क्या लाभ है?

इंटरनेट बँकिंग द्वारा दुनिया की किसी भी जगह पर चाहे जितनी भी रकम भेजी जा सकती है।

**4.** प्रगतिशील राष्ट्र किसके द्वारा बदलाव लाने की कोशिश कर रहे हैं?

प्रगतिशील राष्ट्र ई-गवर्नेन्स (ई-प्रशासन) द्वारा बदलाव लाने की कोशिश कर रहे हैं।

**5.**समाज के किन क्षेत्रों में इंटरनेट का योगदान है?

समाज के चिकित्सा, कृषि, अंतरिक्ष ज्ञान, विज्ञान, शिक्षा आदि क्षेत्रों में इंटरनेट का योगदान है।

**6.**इंटरनेट-क्रांति का असर किस पर पड़ा है?

इंटरनेट-क्रांति का असर बड़े-बूढ़ों से लेकर छोटे बच्चों तक सब पर.पड़ा है।

**7.** आई.टी.ई.एस. का विस्तृत रूप क्या है?

आई.टी.ई.एस. का विस्तृत रूप है – "इनफारमेशन टैक्नोलजी एनेबल्ड सर्विसेस।"

**II.** दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

**1.** इंटरनेट का मतलब क्या है?

इंटरनेट अनगिनत कम्पूयटरों के कई अंतर्जालों का एक दूसरे से सम्बन्ध स्थापित करने का जाल है।

**2.** व्यापार और बैंकिंग में इंटरनेट से क्या मदद मिलती है?

इंटरनेट द्वारा घर बैठे-बैठे खरीदारी कर सकते हैं। कोई भी बिल भर सकते हैं। इससे दुकान जाने और लाइन में घंटों खड़े रहने का समय बच जाता है। इंटरनेट-बैंकिंग द्वारा दुनिया की किसी भी जगह पर चाहे कितनी भी रकम भेजी जा सकती है।

**3.** ई-गवर्नेस क्या है? [अथवा] ई-गवर्नेस का मतलब क्या है? [अथवा] ई-गवर्नेस का परिचय दीजिए।

ई-गवर्नेस द्वारा सरकार के कामकाज का विवरण, अभिलेख, सरकारी आदेश आदि को यथावत् लोगों को सूचित किया जाता है। इससे प्रशासन पारदर्शी बनता है।

**III.** चार-छः वाक्यों में उत्तर लिखिए :

**1.** संचार व सूचना के क्षेत्र में इंटरनेट का क्या महत्व है?

कुछ साल पहले दूर रहते रिश्तेदार या दोस्तों को कोई खबर देनी पड़ती तो हमें चिट्ठी लिखनी पड़ती थी या दूरभाष का उपयोग करना पड़ता था। इससे समय और पैसे दोनों का अधिक व्यय होता था। इंटरनेट द्वारा पल भर में, बिना ज्यादा खर्च किए कोई भी विचार हो, स्थिर चित्र हो, वीडियों चित्र हो,

दुनिया के किसी भी कोने में भेजा जा सकता है। यहाँ तक कि पुस्तकालय की किताबों के विषय को कम समय में कहीं भी भेज सकते हैं। इस प्रकार संचार व सूचना दोनों ही क्षेत्र में इसका महत्व बढ़ गया है।

**2. 'वीडियो कान्फरेन्स' के बारे में लिखिए। [अथवा] वीडियो कान्फरेन्स द्वारा विचार-विनिमय कैसे कर सकते हैं?**

'वीडियो कान्फरेन्स' में एक जगह बैठकर दुनिया के कई देशों के प्रतिनिधियों के साथ 8-10 दूरदर्शन के परदे पर चर्चा कर सकते हैं। एक ही कमरे में बैठकर विभिन्न देशों में रहनेवाले लोगों के साथ विचार-विनिमय कर सकते हैं।

**3. 'सोशल नेटवर्किंग' एक क्रांतिकारी खोज है। कैसे?**

'सोशल नेटवर्किंग' ने दुनिया भर के लोगों को एक जगह पर ला खड़ा कर दिया है। सोशल नेटनर्किंग के कई साइट्स हैं। जैसे – फेसबुक, आरकुट, ट्विट्टर, लिंकडइन आदि। इनसे दुनिया के लोगों के रहन-सहन, वेश-भूषा, खान-पान, कला, संस्कृति आदि का प्रभाव पड़ता है। इस.प्रकार यह एक क्रांतिकारी खोज है।

**4. इंटरनेट से कौन-कौन सी हानियाँ हो सकती हैं? [अथवा] इंटरनेट अभिशाप भी है – कैसे?**

इंटरनेट की वजह से पैरसी, बैंकिंग फ्रॉड, हैकिंग (सूचना/खबरों की चोरी) आदि बढ़ रही हैं। मुक्त वेबसाइट, चैटिंग आदि में युवा पीढ़ी फस रही हैं। समय का दुरुपयोग हो रहा है। बच्चे अनुपयुक्त और अनावश्यक जानकारी हासिल कर रहे हैं। इस प्रकार कई हानियाँ हैं।

**IV.** अनुरूपता:

1] कंप्यूटर : संगणक यंत्र : : इंटरनेट : _____

2] आई.टी. : इनफारमेशन टैक्नोलॉजी : : आई.टी.ई.एस. : _____

3] फेसबुक : वरदान : : हैकिंग : _____

4] वीडियो कान्फरेन्स : विचार-विनिमय : : ई-प्रशासन : ____

उत्तर:- 1] कम्प्यूटरों का अंतर्जाल 2] इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी एनेबल्ड सर्विसेज

3] दुष्परिणाम 4] पारदर्शि प्रशासन।

**V.** जोड़कर लिखिए **:**

उत्तर**:-**

| अ | | ब |
|---|---|---|
| 1) इंटरनेट ने पूरे विश्व को | – | ई) एक छोटे गाँव का रूप दे दिया है। |
| 2) इंटरनेट द्वारा कोई भी | – | इ) बिल भर सकते हैं। |
| 3) इंटरनेट समाज के लिए | – | अ) बहुत बड़ा वरदान साबित हुआ। |
| 4) इंटरनेट की वजह से | – | उ) पैरसी, हैकिंग आदि बढ़ रही है। |
| 5) इंटरनेट से सबको | – | आ) सचेत रहना चाहिए। |

**VI.** **कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए :**

1] इंटरनेट एक तरह से विश्वव्यापी कंप्यूटरों का _____ है। (अंतर्जाल, बहिर्जाल)

2] आई.टी. और आई.टी.ई.एस. से अनगिनत लोगों को _____ मिला है। (कपड़ा, रोजगार)

3] सोशल नेटवर्किंग के कई _____ हैं। (साइड्स, साइट्स)

4] ई-गवर्नेंस से प्रशासन ____ बन सकता है। (पारदर्शी, अपारदर्शी)

5] इंटरनेट सचमुच एक ____ है। (अभयदान, वरदान)

6] देश के ____ की कार्यवाही में इंटरनेट का बहुत बड़ा योगदान है। (रक्षादलों, पुलिसदलों)

7] इंटरनेट एक ओर वरदान है तो वह _____ भी है। (अपहास, अभिशाप)

**उत्तर:- 1] अंतर्जाल 2] रोजगार 3] साइट्स 4] पारदर्शी 5] वरदान 6] रक्षादलों 7] अभिशाप।**

**VII.** **कन्नड़ या अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :**

1] इंटरनेट आधुनिक जीवनशैली का महत्वपूर्ण अंग बन गया है ।

ಅಂತರ್ಜಾಲವು ಆಧುನಿಕ ಜೀವನ ಶೈಲಿಯ ಮಹತ್ವಪೂರ್ಣ ಅಂಗವಾಗಿದೆ.

2] इंटरनेट द्वारा घर बैठे-बैटे खरीदारी कर सकते हैं ।

ಅಂತರ್ಜಾಲದ ಸಹಾಯದಿಂದ ಮನೆಯಲ್ಲೇ ಕುಳಿತುಕೊಂಡು ವಸ್ತುಗಳನ್ನು ಕೊಂಡುಕೊಳ್ಳಬಹುದು.

3] इंटरनेट की सहायता से बेरोज़गारी को मिटा सकते हैं।

ಅಂತರ್ಜಾಲದ ಸಹಾಯದಿಂದ ನಿರುದ್ಯೋಗವನ್ನು ಹೋಗಲಾಡಿಸಬಹುದು.

**VIII.** **सही विलोम शब्दों को चुनकर लिखिए :**

**( नामुमकिन, अभिशाप, उपयुक्त, घटना, सदुपयोग, अस्थिर )**

1] बढ़ना × घटना    2] स्थिर × अस्थिर    3] मुमकिन × नामुमकिन

4] वरदान × अभिशाप    5] दुरुपयोग × सदुपयोग    6] अनुपयुक्त × उपयुक्त

**IX.** **अन्य वचन रूप लिखिए (उदा. के अनुसार)**

**उदाः पैसा – पैसे**

1] परदा – परदे    2] कमरा – कमरे    3] दायरा – दायरे

**उदा: खबर – खबरें**

1] किताब – किताबें    2] जगह – जगहें    3] कोशिश – कोशिशें

**उदा : युग – युग**

1] दोस्त – दोस्त    2] कंप्यूटर – कंप्यूटर    3] रिश्तेदार – रिश्तेदार

**उदा : जिंदगी – जिंदगियाँ**

1] जानकारी – जानकारियाँ    2] चिट्ठी – चिट्ठियाँ    3] जीवनशैली – जीवनशैलियाँ

**X.** **इन वाक्यों में प्रयुक्त विराम चिह्नों का नाम लिखिए :**

| | |
|---|---|
| 1) आज का युग इंटरनेट युग है । | पूर्णविराम। |
| 2) इंटरनेट का मतलब क्या है ? | वाचक। |
| 3) बड़ा अच्छा सवाल है ! | विस्मयादिबोधक। |
| 4) लोगों के साथ विचार – विनिमय कर सकते हैं। | योजक चिह्न। |
| 5) हाँ हाँ , दुष्परिणाम हैं। | अल्प विराम। |

# ईमानदारों के सम्मेलन में

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए:**

**1. प्रस्तुत कहानी के लेखक कौन हैं?**

प्रस्ततु कहानी (निबंध) के लेखक हरिशंकर परसाई हैं।

**2. लेखक दूसरे दर्जे में क्यों सफर करना चाहते थे?**

लेखक पहले दर्जे का किराया लेकर दूसरे दर्जे में सफर करके पैसा बचाना चाहते थे।

**3.लेखक की चप्पलें किसने पहनी थीं?**

लेखक की चप्पलें उन्हीं के कमरे वाले डेलीगेट ने पहनी थीं।

**4.स्वागत समिति के मंत्री किसको डाँटने लगे?**

स्वागत समिति के मंत्री कार्यकर्ताओं को डाँटने लगे।

**5.लेखक पहनने के कपड़े कहाँ दबाकर सोये?**

लेखक पहनने के कपड़े सिरहाने दबाकर सोये।

**6.सम्मेलन में लेखक के भाग लेने से किन-किन को प्रेरणा मिल सकती थी?**

सम्मेलन में लेखक के भाग लेने से ईमानदारों तथा उदीयमान ईमानदारों को प्रेरणा मिल सकती थी।

**7.लेखक को कहाँ ठहराया गया?**

लेखक को हो के एक बड़े कमरे में ठहराया गया।

**8. ब्रीफकेस में क्या था?**

ब्रीफकेस में कागजात थें।

**9. लेखक ने धूप का चश्मा कहाँ रखा था?**

लेखक ने धूप का चश्मा मेज पर रखा था।

**10. तीसरे दिन लेखक के कमरे से क्या गायब हो गया था?**

तीसरे दिन लेखक के कमरे से कम्बल गायब था।

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

**1. लेखक को भेजे गये निमंत्रण पत्र में क्या लिखा गया था?**

लेखक को भेजे गये निमंत्रण-पत्र में लिखा था – "हम लोग इस शहर में एक ईमानदार सम्मेलन कर रहे हैं। आप देश के प्रसिद्‌ध ईमानदार है। हमारी प्रार्थना है कि आप इस सम्मेलन का उद्घाटन करें। हम आपको आने-जाने का पहले दर्जे का किराया देंगे तथा आवास, भोजन आदि की उत्तम व्यवस्था करेंगे। आपके आगमन से ईमानदारों तथा उदीयमान ईमानदारों को प्रेरणा मिलेगी।"

**2.फूल मालाएँ मिलने पर लेखक क्या सोचने लगे?**

फूल मालाएँ मिलने पर लेखक सोचने लगा कि – आस-पास कोई माली होता तो फूल-मालाएँ भी बेच लेता।

**3.लेखक ने मंत्री को क्या समझाया?**

लेखक ने मंत्री को समझाया कि–ऐसा हरगिज मत करिए। ईमानदारी के सम्मेलन में पुलिस ईमानदारी की तलाशी ले यह बडी आशोभनीय बात होगी। फिर इतने बड़े सम्मेलन में थोडी गडबडी होगी ही।

**4.चप्पलों की चोरी होने पर ईमानदार डेलीगेट ने क्या सुझाव दिया?**

चप्पलों की चोरी होने पर ईमानदार डेलीगेट ने कहा कि – "देखिए चप्पलें एक जगह नहीं उतारना चाहिए। एक चप्पल यहाँ उतारिए तो दूसरी दस फीट दूर। तब चप्पलें चोरी नहीं होतीं। एक ही जगह होगी तो कोई भी पहन लेगा। मैंने ऐसा ही किया था।"

**5. लेखक ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय क्यों लिया?**

लेखक ने कमरा छोडकर सीधा स्टेशन जाने का निर्णय लिया क्यों कि चीजें तो सब चुरा ली गयीं | थी। ताला तक चोरी में चला गया था। अब लेखक ही बचा था। वह सोचता है कि – अगर वह रुका तो वह भी चुरा लिया जायेगा।

**6.मुख्य अतिथि की बेईमानी कहाँ दिखाई देती है? अथवा] मुख्य अतिथि की बेईमानी कैसे व्यक्त हुई है?**

मुख्य अतिथी की बेईमानी यहाँ दिखाई देती है कि जहाँ वे सबकी तलाशी करवाना चाहता है और स्वागत समिती के साथ अच्छे होटल में खाना खाना चाहते हैं।

**III. चार-छः वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

**1.लेखक के धूप का चश्मा खो जाने की घटना का वर्णन कीजिए।**

लेखक दूसरे दिन बैठक में जाने के लिए धूप का चश्मा खोजने लगे, तो नहीं मिला। चाय की छुट्टी में एक सज्जन आये। कहने लगे, "बड़ी चोरियाँ होने लगी हैं। देखिए, आपका धूप का चश्मा ही चला गया।' यह धूप का चश्मा लगाये थे। पहले दिन यह उनके पास नहीं था। वह लेखक का ही चश्मा था। वह लेखक का चश्मा लगाये इतमीनान से बैठे थे।

**2. मंत्री तथा कार्यकर्ताओं के बीच में क्या वार्तालाप हुआ?**

मंत्री कार्यकर्ताओं को डाँटने लगे – "तुम लोग क्या करते हो? तुम्हारी ड्यूटी यहाँ है। तुम्हारे रहते चोरियाँ हो रही हैं। यह ईमानदारों का सम्मेलन है। बाहर यह चोरी की बात फैली, तो कितनी बदनामी होगी?" कार्यकर्ता ने कहा, "हम क्या करें? अगर सम्माननीय डेलीगेट यहाँ-वहाँ जायें, तो क्या हम उन्हें रोक सकते हैं?" तब मंत्री ने गुस्से में कहा, "मैं पुलिस को बुलाकर यहाँ सबकी तलाशी करवाता हूँ।" एक कार्यकर्ता ने कहा, "तलाशी किनकी करवायेंगे, आधे के लगभग डेलीगेट तो किराया लेकर दोपहर को ही वापस चले गये।"

**3. सम्मेलन में लेखक को क्या-क्या अनुभव हुए? संक्षेप में लिखिए।**

लेखक ईमानदार सम्मेलन में मुख्य अतिथि के नाते आये थे। स्टेशन पर उनका भव्य स्वागत हुआ। उन्हें एक होटल के बड़े कमरे में ठहराया गया था। पहले-पहले उन्हें अपनी नई चप्पलें खोने का अनुभव हुआ। जिस डेलीगेट ने उनकी चप्पलें चुराई थी, वही महाशय लेखक को सुझाव देने लगे। कमरे से उनकी

चादरें गायब थीं, उनका धूपवाला चश्मा गायब हुआ। किसी का ब्रीफकेस चला गया था। लेखक को अंतिम अनुभव यह हुआ कि उसके कमरे का ताला ही चुरा लिया गया।

**IV.** अनुरूपता:

1] पहला दिन : चप्पलें गायब थीं : : दूसरे दिन : ___

2] तीसरे दिन : कम्बल गायब था : : चौथे दिन : _____

3] रिक्शा : तीन पहियों का वाहन : : साइकिल : _____

4] रेलगाड़ी : पटरी : : हवाईजहाज : _____

**उत्तर:- 1] चादरें गायब थीं 2] ताला गायब था 3] दो पहियों का वाहन 4] हवा मार्ग।**

**V. रिक्त स्थान भरिए :**

1] हम लोग इस शहर में एक ___ सम्मेलन कर रहे हैं।

2] मेरी चप्पलें ___ थीं।

3] वह मेरा चश्मा लगाये ___ से बैठे थे।

4] फिर इतने बड़े सम्मेलन में थोड़ी _____ होगी ही।

**उत्तर:- 1] ईमानदार 2] गायब 3] इतमीनान 4] गड़बड़ी।**

**VI.** विलोम शब्द लिखिए **:**

1] आगमन × निर्गमन
2] रात × दिन
3] जवाब × सवाल
4] बेचना × खरीदना
5] सज्जन × दुर्जन

**VII.** बहुवचन रूप लिखिए **:**

1] कपड़ा – कपड़े
2] चादर – चादरें
3] बात – बातें
4] डिब्बा – डिब्बे
5] चीज़ – चीजें।

**VIII. प्रेरणार्थक क्रिया रूप लिखिए :**

1] ठहरना – ठहराना – ठहरवाना
2] धोना – धुलाना – धुलवाना
3] देखना – दिखाना – दिखवाना
4] लौटना – लौटाना – लौटवाना
5] उतरना – उतारना – उतरवाना
6] पहनना – पहनाना – पहनवाना

**IX.** संधि-विच्छेद करके संधि का नाम लिखिए **:**

( स्वागत, सहानुभूति, सज्जन, परोपकार, निश्चिंत, सदैव )

1] स्वागत = सु + आगत (यण संधि)
2] सहानुभूति = सह + अनुभूति (दीर्घ संधि)
3] सज्जन = सत् + जन (व्यंजन संधि)
4] परोपकार = पर + उपकार (गुण संधि)
5] निश्चिंत = निः + चिंत (विसर्ग संधि)
6] सदैव = सदा + एव (वृद्धि संधि)

**X. कन्नड या अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :**

**1]** हम आपको आने-जाने का पहले दर्जे का किराया देंगे ।

ನಾವು ನಿಮಗೆ ಬಂದು ಹೋಗುವ ಪ್ರಥಮ ಶ್ರೇಣಿಯ ಪ್ರಯಾಣ್ ಭತ್ಯೆಯನ್ನು ಕೊಡುತ್ತೇವೆ.

**2]** स्टेशन पर मेरा खूब स्वागत हुआ ।

ಸ್ಟೇಷನ್ ನಲ್ಲಿ ನನಗೆ ಆದರದ ಸ್ವಾಗತ ದೊರೆಯಿತು.

**3]** देखिए, चप्पलें एक जगह नहीं उतारनी चाहिए ।

ನೋಡಿ, ಚಪ್ಪಲಿಗಳನ್ನು ಒಂದು ಸ್ಥಳದಲ್ಲಿ ಬಿಡಬಾರದು.

**4]** अब मैं बचा हूँ । अगर रूका तो मैं ही चुरा लिया जाऊँगा ।

ಈಗ ನಾನು ಉಳಿದಿದ್ದೇನೆ, ಇಲ್ಲೇ ಏನಾದರೂ ಇದ್ದರೆ ನನ್ನನ್ನೂ ಕದ್ದುಕೊಂಡು ಹೋಗುತ್ತಾರೆ.

**XI. ईमान गुण के सामने सही चिह्न (✓) और बेईमान गुण के सामने गलत चिह्न (✗) लगाइए:**

1] दूसरे लोगों की वस्तुओं को वापिस पहुँचाना। (✓)

2] चोरी करना। (✗)

3] रास्ते में मिली वस्तुओं को पुलिस स्टेशन पहुंचाना। (✓)

4] कामचोरी करना। (✗)

5] बगल में छुरी मुँह में राम-राम करना।

6] झूठ बोलना। (✗)

7] नेक मार्ग पर चलना। (✓)

8] जानबूझकर गलती करना।

9] बहाना बनाना। (✗)

10] सच बोलना। (✓)

11] समय पर काम पूरा करना। (✓)

12] धोखा देना। (✗)

13] जालसाजी करना। (✗)

14] चोर बाजारी और मिलावट करना। (✗)

15] निष्ठा से कार्य करना। (✓)

16] भ्रष्टाचार में शामिल होना। (✗)

17] सेवाभाव से दूसरों की सहायता करना। (✓)

18] देश के प्रति सच्चा अभिमान रखना। (✓)

19] सच्चे भाव से बड़ों का आदर करना। (✓)

20] अपने सहपाठियों के साथ भाईचारे का व्यवहार करना। (✓)

# दुनियाँ में पहला मकान

**I.** एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

**1.सिंगफो आदिवासी कहाँ रहते थे? [अथवा] सिंगफो आदिवासी कहाँ के निवासी थे?**

सिंगफो आदिवासी पूर्वोत्तर भारत में रहते थे।

**2.सबसे पहले आदमी को मकान बनाना किसने सिखाया?**

बहुत से पशुओं ने आदमी को मकान बनाना सिखाया।

**3. मकान के बारे में पूछ-ताछ करने दोनों दोस्त कहाँ चल पड़े?**

दोनों दोस्त जंगल की ओर चल पड़े।

**4.दोस्तों की मुलाकात सबसे पहले किससे हुई?**

सबसे पहले दोस्तों की मुलाकात हाथी से हुई।

**5. दोस्तों ने क्या तय किया?**

दोस्तों ने तय किया था कि वे भी मकान बनाएँगे।

**6. हाथी से उत्तर पाकर दोस्त किससे मिले?**

हाथी से उत्तर पाने के बाद दोस्त साँप से मिले।

**7. सब जानवरों की बातें सुनकर दोस्तों ने क्या किया?**

सब जानवरों की बातें सुनकर दोस्तों ने मकान बनाने का काम शुरू किया।

**II.** दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

**1. लालिम और किंचा लालीदाम जंगल की ओर क्यों चल पड़े?**

किन्द्र लालिम और किंचा लालीदाम ने तय किया था कि वे भी मकान बनाएंगे। लेकिन वे नहीं जानते थे कि मकान कैसे बनाया जाता है। इसलिए वे पशुओं से पूछताछ करने जंगल की ओर चल पड़े।

**2.दोस्तों ने हाथी के साथ किसकी चर्चा की?**

दोस्तों ने हाथी के साथ मकान कैसे बनाए जाते है, इसके बारे में चर्चा की।

**3. हाथी ने दोस्तों को क्या उत्तर दिया?**

हाथी ने दोस्तों को कहा कि इसमें क्या कठिनाई है? पेड़ों से लकड़ी के इतने मोटे और मजबूत गोले काट लो, जितने मेरे पैर हैं। इसके बाद क्या करना था वह नहीं जानता था।

**4. दोस्तों ने किन-किन जानवरों से मुलाकात की?**

दोस्तों ने हाथी, साँप, भैस, मछली इनसे मुलाकात की।

**III.** तीन-चार वाक्यों में उत्तर लिखिए :

**1. साँप ने दोस्तों को क्या सुझाव दिया?**

जंगल में दोस्तों की मुलाकात साँप से हुई। दोस्तों ने मकान बनाने का तरीका उससे पूछा। साँप ने दोस्तों को सुझाव दिया कि लकड़ी ऐसी पतली और लंबी काटो, जैसा मैं हूँ।

**2. भैंस के पंजर से दोस्तों को क्या जानकारी मिली?**

भैंस ने दोनों दोस्तों को अपने भैंसे का पंजर दिखाया। भैंस के पंजर से दोस्तों को यह जानकारी मिली कि पहले जमीन में चार मोटे.गोले गाड़ना चाहिए। उस पर पतली और लंबी लकड़ियों से पंजर जैसा छप्पर बनाना चाहिए।

**3. मछली ने दोस्तों के  का क्या जवाब दिया?**

मछली ने कहा, आप लोग जरा मेरी पीठ की पट्टियाँ ध्यान से देख लो। फिर पेड़ों से बहुत सी पत्तियाँ तोड़ लो। इन पत्तियों को छप्पर पर उसी तरह जमा दो, जैसी मेरी पीठ पर पट्टियाँ हैं। .

**V. अनुरूपता:**

1] हाथी : जंगली जानवर : : भैंस : _____

2] मछली : पानी : : साँप : _____

3] मछली : तैरना : : साँप : ____

4] हाथी : सूंड़ : : भैंस : ______

उत्तर:- **1]** पालतू जानवर **2]** बिल **3]** रेंगना **4]** सींग।

**V. अन्य वचन रूप लिखिए :**

1] कहानी – कहानियाँ 2] गुफा – गुफाएँ 3] पेड़ – पेड़
4] पत्ती – पत्तियाँ 5] हड्डी – हड्डियाँ 6] मछली – मछलियाँ
7] लकड़ी – लकड़ियाँ 8] पट्टी – पट्टियाँ 9] लोग – लोग
10] घर – घर

**VI. अन्य लिंग रूप लिखिए :**

1] आदमी – औरत 2] हाथी – हथिनी 3] भैंस – भैंसा
4] शेर – शेरनी 5] मोर – मोरनी 6] बहन – भाई

**VII. विलोम शब्द लिखिए :**

1] बहुत × थोड़ा 2] दिन × रात 3] नीचे × ऊपर 4] मुश्किल × आसान
5] आगे × पीछे 6] मजबूत × कमजोर 7] लंबी × छोटी 8] पास × दूर
9] दोस्त × दुश्मन 10] काटना × जोड़ना

**VIII. जोड़कर लिखिए :** अ – आ

उत्तर:-

| | | |
|---|---|---|
| 1) तालाब | – | आ) मछली |
| 2) हाथी | – | अ) पैर |
| 3) भैंस | – | ई) हड्डियाँ |
| 4) पहला | – | उ) मकान |
| 5) सिंगफो | – | इ) आदिवासी |

**IX.** रिक्त स्थान भरिए :

1] भैंस ने दोस्तों को अपने भैंसे का ____ दिखाया।

2] दोस्तों की मुलाकात अंत में _____ से हुई।

3] आप लोग जरा मेरी पीठ की _____ ध्यान से देख लो।

4] भैंस बहन, हम लोग ____ बनाना चाहते हैं।

उत्तर:- **1]** पंजर **2]** मछली **3]** पट्टियाँ **4]** मकान।

**X.** पर्यायवाची शब्द लिखिए :

1] मकान – घर 2] पेड़ – वृक्ष

3] दोस्त – मिंत्र 4] भेंट – मुलाकात

**XI.** प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रुप लिखिए :

1] बनना – बनाना 2] गिरना – गिराना 3] लगना – लगाना

4] सीखना – सिखाना 5] करना – कराना 6] ठहरना – ठहराना

**XII.** सही शब्द चुनकर लिखिए :

( पानी, पालतू जानवर, गाँव, आसमान, बिल, पेड़, जंगल )

1] हाथी – जंगल

2] साँप – बिल

3] भैंस – पालतू जानवर

4] मछली – पानी

5] पक्षी – पेड़

6] बैलगाड़ी – गाँव

**XIII.** कन्नड या अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए :

**1]** भैंस ने दोस्तों को पंजर दिखाया ।

ಎಮ್ಮೆಯು ಸ್ನೇಹಿತರಿಗೆ ಪಂಜರವನ್ನು ತೋರಿಸಿತು.

**2]** साँप ने कहा, 'आजे की बात मैं नहीं जानता ।'

ಹಾವು ಹೇಳಿತು, ಮುಂದಿನ ಮಾತು ನನಗೆ ಗೊತ್ತಿಲ್ಲ.

**3]** हाथी बोला, 'इसमें क्या कठिनाई है ?'

ಆನೆ ಹೇಳಿತು, ಇದರಲ್ಲೇನು ಕಷ್ಟ ಇದೆ.

**4]** तालाब में एक बहुत बड़ी मछली तैर रही थी ।

ಕೆರೆಯಲ್ಲಿ ಒಂದು ದೊಡ್ಡ ಮೀನು ಈಜಾಡುತ್ತಿತ್ತು

# समय की पहचान

**I.** एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

**1. कवि के अनुसार मनुष्य को सुख कब नहीं मिलता?**

समय नष्ट करने से मनुष्य को सुख नहीं मिलता है।

**2. बहाने बनाने का प्रमुख कारण क्या है?**

बहाने बनाने का प्रमुख कारण आलस है।

**3. समय किसका दिया हुआ अनुपम धन है?**

समय ईश्वर का दिया हुआ अनुपम धन है।

**4. कवि किस पर विश्वास करने को कहते हैं?**

कवि आत्मा/अपने आप पर विश्वास करने को कहते है।

**5. समय के खोने से क्या होता है?**

समय के खोने पर पछताना पड़ता है।

**II.** दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

**1. मनुष्य के लिए सुख की प्राप्ति कब संभव है?**

मनुष्य को हमेशा उद्योगी होना चाहिए। अगर वह परिश्रमी रहे, समय को न गँवाकर उसका सदुपयोग करे तब उसे सुख की प्राप्ति संभव है।

**2. समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए?**

समय अधिक महत्वपूर्ण एवं उपयोगी होता है। उसे जो अपना सच्चा साथी बनाएगा, वो ही अपने काम में सफल होगा। जो काम करना है वो अभी करना चाहिए। कल के बारे में हमें कुछ पता नहीं।

**3. कविता के अंतिम चार पंक्तियों में कवि क्या कहना चाहते हैं?**

जिस काम को करने की ठान ली है उस काम को पूरी निष्ठा, मन से करना चाहिए। ऐसे समय में अपने ऊपर विश्वास रखकर किसी भी प्रकार का संदेह नहीं रखना चाहिए। ऐसा सुअवसर बार-बार नहीं आता। इसे खो दिया तो बाद में पछताना पड़ेगा।

चार-पाँच वाक्यों में उत्तर लिखिए :

**1.** ‘समय की पहचान’ कविता का संक्षिप्त सारांश लिखिए।

समय अनमोल है। यह ईश्वर द्वारा मनुष्य को प्राप्त अनुपम धन है। समय रहते ही हमें अपने सारे काम पूरे कर लेने चाहिए। काम करने के लिए प्राप्त अवसर को व्यर्थ नहीं गँवाना चाहिए। काम को टालना नहीं चाहिए। क्योंकि बीता हुआ समय लौटकर नहीं आता। आलस्य नहीं करना चाहिए। स्वयं पर विश्वास रखते हुए अपने काम को पूरी लगन से करना चाहिए।

**III.** निम्नलिखित शब्दों में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

**( सर्वथा, चक्रवर्ती, करो अभी, शुभ )**

1] जो करना है, ______ कल हो क्या जाने?

2] चाहो तुम क्यों नहीं _____ भी होके।

3] यही समय ही अहो तुम्हारा _____ जीवन है।

4] खोकर पीछे इसे _____ पछताओगे।

उत्तर:- **1]** करो अभी **2]** चक्रवर्ती **3]** शुभ **4]** सर्वथा।

**IV.** अनुरूपता :

1] आलस : परिश्रम : : नष्ट : ………..

2] जानो : मानो : : लगा दो : …………

3] धन : निर्धन : : दिया : ………….

4] जीवन : मरण : : खोना : ……….

उत्तर:- **1]** लाभ **2]** छुडा दो **3]** लिया **4]** पाना।

**V.** जोड़कर लिखिए :

| अ | | आ |
|---|---|---|
| 1) उद्योगी | – | ऊ) सुसमय |
| 2) आलस | – | ई) बहाना |
| 3) जीवन | – | उ) पल-पल |
| 4) समय | – | आ) अनुपम धन |
| 5) द्रव्य | – | इ) समता |

**VI.** उदाहरण के अनुसार तुकांत शब्दों को पहचानकर लिखिए :

उदा : जाता – पाता

1] बहाने – जाने 2] समता – चिंता 3] धन – जीवन

4] लगा दो – भगा दो 5] जानो – मानो 6] पाओगे – पछताओगे

**VII.** नीचे दिये गए शब्दों का शुद्ध रूप लिखिए :

1] चकरवरती – ____ 2] चीता – ____ 3] नश्ट – _____

4] अलास – _____ 5] सरवथा – ____ 6] सयम – _____

उत्तर:- 1] चकरवरती – चक्रवर्ती 2] चीता – चिंता 3] नश्ट – नष्ट

4] अलास – आलस 5] सरवथा – सर्वथा 6] सयम – संयम

**VIII.** उदाहरण के अनुसार शब्द लिखिए :

उदा : समय – सुसमय

1] पुत्र – सुपुत्र

2] फल – सुफल

3] मन – सुमन

4] योग्य – सुयोग्य

5] यश – सुयश

6] नाद – सुनाद

7] मति – सुमति

**IX.** समय के महत्व से संबंधित निम्नलिखित दोहा और कविताओं को पढ़िए और लिखिए। कक्षा में चर्चा कीजिए :

1. काल करै सो आज कर, आज करै सो अब,
पल में परलय होवेगा, बहुरि करेगा कब।

2. उठ जाग मुसाकिर भोर भई,
अब रैन कहाँ जो सोवत है।
जो सोवत है सो खोवत है,
जो जागत है सो पावत है।

3. जो आज करना सो अब कर ले।

4. जब चिड़िया चुग गयी खेत,
तब पछताये क्या होता है।

**X.** अपने अध्यापक की सहायता से इसे पूर्ण कीजिए :

1] एक पहर ______ घंटे। उत्तर:- 3 घंटे

2] एक दिन _____ घंटे। उत्तर:- 24 घंटे

3] एक सप्ताह ____ दिन। उत्तर:- 7 दिन

4] एक पक्ष _____ दिन। उत्तर:- 15 दिन

5] एक मास _____ दिन। उत्तर:- 30 दिन

6] एक साल ____ दिन। उत्तर:- 365 दिन।

# रोबोट

**I.** एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

**1. वर्षों से सक्सेना के परिवार में कौन काम कर रहा था?**

साधोराम सक्सेना परिवार में वर्षों से काम कर रहा था।

**2. धीरज सक्सेना किस कार्यालय में जा पहुँचे?**

धीरज सक्सेना रोबोटोनिक्स कॉरपोरेशन में जा पहुंचे।

**3. एक रोबोट वैक्यूम क्लीनर से क्या साफ कर रहा था?**

एक रोबोट वैक्यूम क्लीनर से दफ्तर का फर्श साफ कर रहा था।

**4. रोबोनिल की मुलाकात किससे हुई?**

रोबोनिल की मुलाकात रोबोदीप से हुई।

**5. शर्मा परिवार के कुत्ते का नाम लिखिए।**

शर्मा परिवार के कुत्ते का नाम झबरू था।

**6. रोबोनिल और रोबोदीप किससे मिलने गए?**

रोबोनिल और रोबोदीप रोबोजीत से मिलने गए।

**7. वैज्ञानिक लेखक का नाम लिखिए।**

वैज्ञानिक लेखक का नाम आइजक आसिमोव है।

**II.** दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

**1. साधोराम को क्या हुआ था?**

साधोराम चलती बस से गिर गए थे। बस से गिरने से उन्हें खतरनाक चोट लग गई थी।

**2. धीरज सक्सेना को बुद्धिमान रोबोट की जरूरत क्यों थी?**

घरेलू कामकाज के साथ-साथ नाती-पोतों का होमवर्क कराने के लिए एवं वर्ड प्रोसेसर पर उनका काम सँभालने के लिए धीरज सक्सेना को एक बुद्धिमान रोबोट की जरूरत थी।

**3. रोबोदीप ने रोबोनिल से क्या कहा?**

रोबोदीप ने सक्सेना परिवार के नौकर साधोराम के बारे में रोबोनिल को बताया। साधोराम बस दुर्घटना में घायल होकर अस्पताल में है और उसे सक्सेना परिवार नौकरी से निकालने वाला है। उसे थोड़ा मुआवजा देकर उसको गाँव भेजने का सोच रहे है।

**4. रोबोनिल ने रोबोजीत को क्या समझाने की कोशिश की?**

रोबोनिल ने रोबोजीत को समझाने कि कोशिश की कि सक्सेना परिवार द्वारा साधोराम को नौकरी से निकालना रोबोटिकी के नियम के विरुद्ध है। इसलिए उसे सक्सेना परिवार से किए अनुबंध को तोड़ देना चाहिए।

**5. कहानी को टाइप करते समय रोबोनिल को क्या हुआ?**

कहानी को टाइप करते समय रोबोनिल को धात्विक और तारों भरे परिपंथवाले खोपडी में यकायक मानो नीली रोशनी का प्रकाश फैल गया। अर्थात रोबोनिल किसी न किसी तरह यंत्रमानव होने पर भी मानवीय गुणों को महत्व देना चाहता था।

**III. पाँच-छः वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

**1. धीरज सक्सेना ने घरेलू कामकाज के लिए रोबोट रखने का निर्णय क्यों लिया?**

धीरज सक्सेना का परिवार बड़ा था। घरेलू नौकर साधोराम बस दुर्घटना में घायल होकर अस्पताल में भर्ती था। इस वजह से घर के सभी सदस्य परेशान थे। परिवार में सभी की तकलीफें बढ़ गई। परिवार के मुखिया धीरज सक्सेना से यह देखा नहीं गया और उन्होंने फैसला किया कि वह घरेलू कामकाज के लिए रोबोट लेगा। इस फैसले के तहत अगले रोज वे 'रोबोटोनिक्स कॉरपोरेशन' के कार्यालय पहुंच गए।

**2. रोबोनिल और रोबोदीप की मुलाकात का वर्णन कीजिए।**

रोबोनिल रोज शाम को शेरू को टहलाने के लिए जाता था। एक दिन उसकी मुलाकात रोबोदीप से हो गई जो शर्मा परिवार में काम करता था, तथा उनके कुत्ते झबरू को घुमाने ले आया करता था। तब दोनों के बीच दोस्ती हुई। एकदूसरे ने अपने अपने परिवार के बारे में चर्चा की।

**3. विज्ञान कथा का सार लिखिए।**

विज्ञान कथा का सार इस प्रकार था – एक घर में नौकर को, जो किसी जानलेवा बीमारी से पीड़ित था, निकालकर उसकी जगह पर एक रोबोट को रख दिया जाता है। किसी तरह रोबोट को इस बात की जानकारी मिल जाती है तो वह 'रोबोटिक संघ' से संपर्क साधकर संघ को सारी बातों से अवगत कराता है। संघ रोबोटों की हड़ताल की घोषणा कर देता है। अंततः समझौता इस बात पर होता है कि उस नौकर को घर में फिर से रख लिया जाएगा।

**4. रोबोटिक कंपनियों के मालिकों के बीच हलचल क्यों मच गई?**

रोबोटिक कंपनियों के मालिकों के बीच इस बात से हलचल मच गई कि यंत्रमानवने रोबोटिक संघ से संपर्क साधकर साधोराम पर हुए अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाई। संघ के अध्यक्ष ने आपातकालीन बैठक बुलाई। वहाँ यह तक हुआ कि सभी रोबोटिक कंपनियों के काम करनेवाले रोबोटो की हड़ताल का आवाहन किया जाए। इस आवाहन से रोबोटिक कंपनियों के मालिकों के बीच हलचल मच गई।

**5. सक्सेना परिवार रोबोनिल को पाकर बहुत खुश था। क्यों? विवरण दीजिए।**

रोबोनिल सक्सेना परिवार के सभी लोगों का काम करता था। वह सुबह नाश्ता कराने, मेहमानों के लिए द्वार खोलने, घर के छोटे बच्चों को कहानियाँ सुनाने, उनके होमवर्क कराने, सक्सेना जी के वर्ड प्रोसेसर पर काम करने के अलावा शाम को परिवार के कुत्ते को घुमाने भी ले जाने का काम करता था। इसलिए सक्सेना परिवार रोबोनिल को पाकर बहुत खुश था।

**IV.** निम्नलिखित कारकों को चुनकर लिखिए :

(का, के, में, से, की)

1] वर्ष 2030 ___ नवंबर का महीना था।

2] आप साधारण रोबोट ___ भी काम चला सकते हैं।

3] रोबोनिल _____ घर में आ जाने से सभी ने राहत की सांस ली।

4] रोबोटों _____ हड़ताल की घोषणा हुई।

5] संघ को यह बात मानने _____ कोई आपत्ति नहीं थी।

**उत्तर:-** **1]** के **2]** से **3]**के **4]** की **5]** में

**V.** जोड़कर लिखिए :

उत्तर:- अ – ब

1) यह सुनकर काउंटर पर – इ) बैठा रोबोट बोला।

2) मगर, रोबोदीप, यह तो – ई) रोबोटिकी के नियम के विरुद्ध है।

3) शाम को रोबोनिल – उ) और रोबोदीप मिले।

4) दोनों के बीच कुछ - अ) गुप्त मंत्रणा हुई।

**VI.** अन्य वचन रूप लिखिए :

1] बेटा – बेटे 2] नाती – नातिने 3] कुत्ता – कुत्ते 4] छुट्टी – छुट्टियाँ

5] बेटियाँ – बेटी 6] पोता – पोतियाँ 7] कंपनियाँ – कंपनी 8] नौकरियाँ – नौकरी

**VII.** अनुरूपता :

1] शेरू को टहलाना : रोबोनिल : : झबरू को घुमाना : ___

2] मुखिया : धीरज सक्सेना : : सेवक : ___

3] टस से मस न होना : अटल रहना : : फूले न समाना : _____

**उत्तर:-** **1]** रोबोदीप **2]** साधोराम **3]** बहुत खुश होना ।

# महिला की साहस गाथा

**I.** एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

**1. बछेंद्री पाल को कौन-सा गौरव प्राप्त हुआ है?**

एवरेस्ट की चोटी पर चढ़नेवाली पहली भारतीय महिला होने का गौरव प्राप्त हुआ है।

**2. बछेंद्री के माता-पिता कौन थे?**

बजेंद्री के पिता किशनपाल सिंह और माँ हंसादेई नेगी थी।

**3. बछेंद्री ने भाई को देखकर क्या निश्चय किया?**

बजेंद्री ने अपने बड़े भाई के जैसे पहाड़ों पर जाने का निश्चय किया।

**4. बछेंद्री ने किस ग्लेशियर पर चढ़ाई की?**

बजेंद्री ने गंगोत्री ग्लेशियर की चढ़ाई की।

**5. सन् 1983 में दिल्ली में कौन-सा सम्मेलन हुआ था?**

सन् 1983 में दिल्ली में हिमालय पर्वतारोहियों का सम्मेलन हुआ।

**6. एवरेस्ट पर भारत का झंडा फहराते समय पाल के साथ कौन थे?**

एवरेस्ट पर भारत का झंडा फहराते समय पाल के साथ पर्वतारोही और रज्जु नेता अंग दोरजी भी थे।

**7. कर्नल का नाम क्या था?**

कर्नल का नाम खुल्लर था।

**8. ल्हाटू कौन-सी रस्सी लाया था?**

ल्हाटू नायलॉन की रस्सी लाया था।

**9. बछेंद्री ने थैले से कौन-सा चित्र निकाला?**

बसेंद्री ने थैले से दुर्गा माँ का चित्र निकाला।

**10. कर्नल खुल्लर ने बधाई देते हुए बसेंद्री से क्या कहा?**

कर्नल खुल्लर ने बधाई देते हुए बसेंद्री से कहा – देश को तुम पर गर्व है।

**11. मेजर का नाम क्या था?**

मेजर का नाम कुमार था।

**12. बछेंद्री को भारतीय पर्वतारोहण संघ ने कौन-सा पदक देकर सम्मान किया?**

बजेंद्री को भारतीय पर्वतारोहण संघ ने स्वर्ण पदक देकर सम्मान किया।

**II.** दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

**1.** बजेंद्री पाल के परिवार का परिचय दीजिए।

बजेंद्री का जन्म एक साधारण परिवार में हुआ। उनके पिता किशनपाल सिंह और माँ हंसादेई नेगी थी। पाँच संतानों में बसेंद्री तीसरी संतान थी।

**2. बछेंद्री का बचपन कैसे बीता?**

बजेंद्री को बचपन में रोज पाँच किलोमीटर पैदल चल कर स्कूल जाना पड़ता था। सिलाई का काम करके पढ़ाई का खर्च जुटाए। वह अपने भाई के साथ अक्सर पहाड़ों पर भी जाती थी।

**3. बजेंद्री ने पर्वतारोहण के लिए किन-किन चीजों का उपयोग किया?**

बिछंद्री ने पर्वतारोहण के लिए रस्सी, बर्फ काटने के लिए फावडा, ऑक्सीजन और वॉकी-टॉकी इन चीजों का उपयोग किया।

**4. एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बछेंद्री ने क्या किया?**

बसेंद्री पाल ने एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचकर अपने घुटनों के बल पर बैठ के बर्फ को माथे पर लगाया। थैले से हनुमान चालिसा और दुर्गा माँ का चित्र निकाला और पूजा करके इनको बर्फ में दबा दिया। उठकर अंग दोरजी के प्रति आदर भाव से झुकी।

**III. चार-पाँच वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

**1. बछेंद्री ने पहाड़ पर चढ़ने की तैयारी किस प्रकार की?**

एवरेस्ट पर चढ़ने के दिन बसेंद्री सुबह चार बजे उठ गई। बर्फ पिघलाकर चाय बनाई। कुछ बिस्कुट और आधी चॉकलेट का हल्का नाश्ता किया। उसके पश्चात् वह लगभग साढ़े पाँच बजे अपने तंबू से निकल पड़ी।

**2. दक्षिणी शिखर पर चढ़ते समय बछेंद्री के अनुभव के बारे में लिखिए।**

दक्षिण शिखर पर चढते समय बिछंद्री को कठिनाइयों का सामना करना पडा। दक्षिणी शिखर के ऊपर तेज हवा वह रही थी। उसके साथ बर्फ की चादर चारो तरफ फैल गई थी। उसके सामने कुछ भी नजर नहीं आ रहा था। बिछंद्री को थोड़ी दूर तक चढाई आसान लगी। उन्हें सफलता बहुत नजदीक नजर आ रही थी।

**3. 'महिला की साहस गाथा' पाठ से क्या संदेश मिलता है? [अथवा] 'महिला की साहस गाथा' पाठ से क्या सीख मिलती है?**

प्रस्तुत पाठ से हमें यह संदेश मिलता है | कि महिलाएँ साहस प्रदर्शन में पुरुषों से कम नही है। ऐसी महिलाओं से साहस, परिश्रम, दृढनिश्चय, मुसीबतों का सामना करना आदि गुण सीखने की प्रेरणा मिलती हैं।

**IV. जोड़कर लिखिए :**

**उत्तर:-** अ – ब

1) गंगोत्री ग्लेशियर की चढ़ाई – इ) सन् 1982

2) पर्वतारोहियों का सम्मेलन – ई) सन् 1983

3) एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचना – अ) सन् 1984

**V.** **अनुरूप शब्द लिखिए :**

1] पहाड़ : गिरि : : चोटी : _____

2] कालानाग : पर्वत : : गंगोत्री : _____

3] कर्नल : खुल्लर : : मेजर : ____

4] चाय : गरम : : बर्फ : _____

5] पहले हिमालय पर्वतारोही पुरुष : तेनजिंग नोर्गे : : पहली ऐवरेस्ट पर्वतारोही महिला : ______

उत्तर:- **1]** शिखर **2]** ग्लेशियर **3]** कुमार **4]** ठंडी **5]** जुंके ताबी।

**VI.** **स्त्रीलिंग शब्द लिखिए :**

**पुल्लिंग – स्त्रीलिंग**

1] बाप – माँ 2] पुरुष – स्त्री 3] भाई – बहन

4] बेटा – बेटी 5] श्रीमान – श्रीमती

**VII.** **उदाहरण के अनुसार लिखिए :**

**पढ़ + आई = पढ़ाई**

1] चढ़ + आई = चढ़ाई 2] कठिन + आई = कठिनाई

3] ऊँचा + आई = ऊँचाई 4] बड़ + आई = बड़ाई

**VIII.** **अन्य वचन लिखिए :**

1] चट्टान – चट्टानें 2] रस्सी – रस्सियाँ 3] शीशा – शीशें

4] चोटी – चोटियाँ 5] चादर – चादरें

**IX.** **विलोम शब्द लिखिए :**

1] आरोहण × अवरोहण 2] चढ़ना × उतरना 3] ठंडा × गरम

4] परिश्रम × आलस/आलस्य 5] सामने × पीछे

**X.** **समानार्थक शब्द लिखिए :**

**उदाः पहाड़ = गिरि, पर्वत**

1] चोटी = शिखर, शीर्ष 2] सुबह = प्रातःकाल, प्रभात

3] महिला = स्त्री, नारी 4] नजदीक = पास, निकट

**XI.** **निम्न शब्दों में विशेषण तथा संज्ञा शब्दों को अलग-अलग कीजिए :**

शब्द – संज्ञा – विशेषण

उदाः **ऊँचा पर्वत – पर्वत – ऊँचा**

1] मधुर स्वर – स्वर – मधुर 2] कर्कश आवाज़ – आवाज – कर्कश

3] बड़ा साधु – साधु – बड़ा 4] ठंडी हवा – हवा – ठंडी

5] नायलॉन रस्सी – रस्सी – नायलॉन

**XII.** **अनेक शब्द के लिए एक शब्द दिये गये हैं, ढूँढकर लिखिए :**

**मासिक, सच्चरित्र, अक्षम्य, अमर, वनचर, पाश्चात्य, प्रत्यक्ष, स्थाई, दुर्गम, कृतज्ञ**

**उदाः जो पढ़ा लिखा न हो – अनपढ़**

1] जहाँ पहुँचा न जा सके – ___

2] मास में एक बार आनेवाला – ___

3] जो कभी न मरे – ___

4] अच्छे चरित्रवाला – ___

5] जो आँखों के सामने हो – ___

6] जो स्थिर रहे – ___

7] जिसे क्षमा न किया जा सके – ___

8] जो वन में घूमता हो – ___

9] जिसका संबंध पश्चिम से हो – ___

10] जो उपकार मानता हो – ___

**उत्तर:-**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1] दुर्गम | 2] मासिक | 3] अमर | 4] सच्चरित्र | 5] प्रत्यक्ष |
| 6] स्थाई | 7] अक्षम्य | 8] वनचर | 9] पाश्चात्य | 10] कृतज्ञ। |

**XIII.** **कन्नड़ या अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए :**

**1] बिछेंद्री का जन्म एक साधारण परिवार में हुआ था।**

ಬಿಛೆಂದ್ರಿರವರ ಜನನ ಒಂದು ಸಾಧಾರಣ ಕುಟುಂಬದಲ್ಲಿ ಆಯಿತು.

**2] बिछेंद्री को रोज़ पैदल चलकर स्कूल जाना पड़ता था।**

ಬಿಛೇಂದ್ರಿಯು ಪ್ರತಿದಿನ ಶಾಲೆಗೆ ಕಾಲ್ನಡಿಗೆಯಲ್ಲೇ ಹೋಗಬೇಕಾಗುತ್ತಿತ್ತು.

**3] दक्षिणी शिखर के ऊपर हवा की गति बढ़ गई थी।**

ದಕ್ಷಿಣ ಶಿಖರದ ತುದಿಯಲ್ಲಿ ಗಾಳಿಯ ವೇಗ ಹೆಚ್ಚಾಗಿತ್ತು.

**4] मुझे लगा कि सफ़लता बहुत नज़दीक है।**

ನನಗೆ ಅನಿಸಿತು ಯಶಸ್ಸು ತುಂಬಾ ಸಮೀಪದಲ್ಲೇ ಇದೆ.

**5] मैं एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचनेवाली प्रथम भारतीय महिला थी।**

ನಾನು ಮೌಂಟ್ ಎವರೆಸ್ಟ್ ಶಿಖರದ ಮೇಲೆ ತಲುಪಿದ ಭಾರತದ ಪ್ರಥಮ ಮಹಿಳೆಯಾಗಿದ್ದೆ.

# ‘सूर-श्याम’

**I.** एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

**1. ‘सूर-श्याम’ पद के रचयिता कौन हैं?**

‘सूर-श्याम’ पद के रचयिता सूरदास जी हैं।

**2. कृष्ण की शिकायत किसके प्रति है?**

कृष्ण की शिकायत बड़े भाई बलराम के प्रति है।

**3. यशोदा और नंद का रंग कैसा था?**

यशोदा और नंद का रंग गोरा था।

**4. चुटकी दे-देकर हँसनेवाले कौन थे?**

चुटकी दे-देकर हँसनेवाले ग्वाल-बाल थे।

**5. यशोदा किसकी कसम खाती है? [अथवा] गोधन की कसम कौन खाता है?**

यशोदा गोधन की कसम खाती है।

**6. बालकृष्ण किससे शिकायत करता है?**

बालकृष्ण माता यशोदा से शिकायत करता है।

**7. बलराम के अनुसार किसे मोल लिया गया है?**

बलराम के अनुसार कृष्ण को मोल लिया गया है।

**8. बालकृष्ण का रंग कैसा था?**

बालकृष्ण का रंग स्याम या काला है।

**II.** दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

**1.कृष्ण, बलराम के साथ खेलने क्यों नहीं जाना चाहता? [अथवा] कृष्ण, बलराम के प्रति क्यों नाराज़ है?**

बलराम कृष्ण को चिढ़ाता है। वह कृष्ण से कहता है कि यशोदा ने उसे जन्म नहीं दिया है। इसे मोल लिया है। इस गुस्से के कारण कृष्ण बलराम के साथ खेलने नहीं जाना चाहता है।

**2. बलराम कृष्ण के माता-पिता के बारे में क्या कहता है?**

बलराम कृष्ण के माता-पिता के बारे में कहता है कि यशोदा और नंद तुम्हारे माता-पिता नहीं है। यशोदा और नंद का रंग गोरा हैं। तुम्हारा रंग काला है। तुझे उन्होंने मोल लिया है। वास्तव में यशोदा और नंद कृष्ण के माता-पिता ही नहीं है।

**3. कृष्ण अपनी माता यशोदा के प्रति क्यों नाराज है?**

कृष्ण अपनी माता यशोदा से इसलिए नाराज है कि वह केवल उसे ही मारती है और बड़े भाई बलराम को गुस्सा तक नहीं करती। वह सिर्फ बलराम से प्यार करती है।

**4. बालकृष्ण अपनी माता से क्या-क्या शिकायतें करता है?**

बालकृष्ण अपनी माता से शिकायते करता है कि भाई मुझे बहुत चिढाता है। कहता है कि तुम्हे यशोदा | माता ने जन्म नहीं दिया है। वह यह भी कहता है कि नंद और यशोदा तो गोरे है, लेकिन तुम तो काले हो।

**5.यशोदा कृष्ण के क्रोध को कैसे शांत करती है?[अथवा] माता यशोदा कृष्ण की नाराजगी कैसे दूर करती हैं?**

कृष्ण के क्रोधयुक्त चेहरे को देखकर, उसकी बातों को सुनकर यशोदा खुश हो जाती है। वह कृष्ण से कहती है कि बलराम जन्म से ही धूर्त है, चुगलखोर है। वह गोधन की सौगंध खाकर कहती है कि वह ही उसकी माता और कृष्ण ही उसका पुत्र है।

**III. चार-छः/सात-आठ वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

**1. 'सूर-श्याम' पद का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए।**

'सूर-श्याम' पद में कृष्ण अपनी माता के सम्मुख अपने बड़े भाई बलराम की शिकायत करते हुए कहते हैं कि हे माँ, बलराम मुझे बहुत चिढ़ाता है और कहता है कि तू नंद-यशोदा का पुत्र नहीं है, पद में कुछ जानकी माता के समय अपने ले आई बलराम की शिवाग्रत हो तू तो मोल का लाया हुआ है। वे तो गोरे हैं और तू काला कैसे? हे माँ, इसी कारण मैं उसके साथ खेलने नहीं जाता। अन्य सखाओं को भी वह मुझे चिढ़ाने के लिए सिखाता है। तू मात्र मुझे ही मारना सीखी है, दाऊ को कभी डाँटती तक नहीं। कृष्ण की इन भोली-भाली बातों को सुनकर, क्रोधित चेहरे को देखकर यशोदा हँस देती है और कृष्ण का समाधान करने के लिए कहती है कि –"मैं गोधन की सौगंध खाकर कहती हूँ कि मैं ही तुम्हारी माता हूँ, तुम ही मेरे पुत्र हो।

**IV. पद्यभाग पूर्ण कीजिए :**

1) गोरे नंद जसोदा गोरी, तुम कत स्याम सरीर।
चुटकी दै दै हँसत ग्वाल, सब सिखै देत बलबीर ॥

2 सुनहु कान्ह बलभद्र चबाई जनमत ही को धूत।
'सूर' स्याम मोहिं गोधन की सौं हौं माता तू पूत ॥

**V. अनुरूपता:**

1] बलभद्र : बलराम : : कान्ह : ____

2] जसोदा : माता : : नंद : ____

3] रीझना : मोहित होना : : खिजाना : _____

4] बलबीर : बलराम : : जसोदा : ______

**उत्तर:- 1] कृष्ण 2] पिता 3] चिढ़ाना 4] जसुमति।**

**VI.** जोड़कर लिखिए **:**

उत्तर**:** अ ब

1) सूरदास का जन्म – आ) सन् 1540 को हुआ

2) सगुण भक्तिधारा की – अ) कृष्णभक्ति शाखा

3) उत्तर प्रदेश का रुनकता – ई) सूर का जन्मस्थान

4) सूरदास जी की मृत्यु – इ) सन् 1642 को हुई

**VII.** सही शब्द चुनकर लिखिए **:**

(चुगलखोर, गोरी, श्याम, चुटकी, बाल-लीला)

1] जसोदा गोरी

2] कृष्ण श्याम

3] ग्वाल मित्र चुटकी

4] बलराम चुगलखोर

5] कृष्ण की बाललीला

**VIII.** आधुनिक रूप लिखिए **:**

उदाः **मैया – माता**

1] मोहिं – पुझे 2] मोसों – मुझसे 3] रिस – क्रोध 4] सरीर – शरीर

5] सिखै – सिखाना 6] जसुमति – यशोदा 7] धूत – दुष्ट 8] कान्ह – कृष्ण

9] पूत – पुत्र 10] जनमत – जन्म

# कर्नाटक संपदा

**I.** एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

**1. पश्चिमी घाट किसे कहते हैं?**

कर्नाटक में दक्षिण से उत्तर छोर तक फैली पर्वतमालाओं को पश्चिमी घाट कहते हैं।

**2. कर्नाटक में कौन-कौन से जलप्रपात हैं?**

कर्नाटक में जोग, अब्बी, गोकाक, शिवनसमुद्र आदि जलप्रपात हैं।

**3. श्रवणबेलगोला की गोमटेश्वर मूर्ति की ऊँचाई कितनी है?**

श्रवणबेलगोला की गोमटेश्वर की मूर्ति की ऊँचाई 57 फुट है।

**4. किस नगर को सिलिकॉन सिटी कहा जाता है?**

बेंगलूरु नगर को 'सिलिकॉन सिटी' कहा जाता है।

**5. भद्रावती के दो प्रमुख कारखानों के नाम लिखिए।**

भद्रावती में कागज, लोहे और इस्पात के कारखाने हैं।

**6. सेंट फिलोमिना चर्च किस नगर में है?**

सेंट फिलोमिना चर्च मैसूर नगर में है।

**7. विजयपुरा नगर का प्रमुख आकर्षक स्थान कौन सा है?**

विजयपुरा नगर का प्रमुख आकर्षक स्थान गोलगुम्बज हैं।

**8. अरबी समुद्र कर्नाटक की किस दिशा में है?**

अरबी समुद्र कर्नाटक की पश्चिमी दिशा में है।

**9. कर्नाटक की दक्षिण दिशा में कौन-सी पर्वतमालाएँ शोभायमान हैं?**

कर्नाटक की दक्षिण दिशा में नीलगिरी की पर्वतमालाएँ शोभायमान हैं।

**II.** दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

**1. कर्नाटक की प्रमुख नदियाँ और जलप्रपात कौन-कौन-से हैं?**

कर्नाटक में कावेरी, कृष्णा, तुंगभद्रा आदि नदियाँ बहती हैं। जोग, अब्बी, गोकाक, शिवनसमुद्र आदि जलप्रपात हैं।

**2. कर्नाटक के किन साहित्यकारों को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त है?**

कर्नाटक के कुवेम्पु, द.रा. बेन्द्रे, शिवराम कारंत, मास्ति वेंकटेश अय्यंगार, वि.कृ. गोकाक, यू.आर. अनंतमूर्ति, गिरीश कार्नाड, चंद्रशेखर कंबार आदि साहित्यकारों को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त है।

**3. नदियों पर बने बाँध और जलाशयों के क्या उपयोग हैं?**

नदियों पर बाँध बनाये जाने से हजारों एकड़ जमीन की सिंचाई की जा सकती है। जलाशयों की सहायता से ऊर्जा का उत्पादन भी किया जाता है।

**4. कर्नाटक के कुछ प्रमुख राजवंशों के नाम लिखिए।**

गंग, कदंब, राष्ट्रकूट, चालुक्य, होय्सल, ओडेयर आदि कर्नाटक के प्रमुख राजवंश हैं।

**5. बेंगलूरु में कौन-कौन-सी बृहत् संस्थाएँ हैं?**

बेंगलूरु में अनेक बृहत संस्थाएँ हैं। वे हैं – भारतीय विज्ञान संस्थान, एच.ए.एल., एच.एम.टी., आई.टी.आई., बी.एच.ई.एल., बी.ई.एल. आदि।

**III. चार-छः वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

**1.कर्नाटक के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए। [अथवा] कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा का वर्णन कीजिए।**

कर्नाटक की प्राकृतिक सुंदरता नयन मनोहर है। प्रकृतिमाता ने कर्नाटक राज्य को अपने हाथों से सँवारकर सुंदर और समृद्ध बनाया है। पश्चिम में विशाल अरबी समुद्र है। इस प्रांत के दक्षिण से उत्तर छोर तक लंबी पर्वतमालाएँ फैली हुयी हैं। ये पश्चिमी घाट कहलाती हैं। इन्हीं घाटों का कुछ भाग सह्याद्रि कहलाता है। दक्षिण में नीलगिरी की पर्वतमालाएँ शोभायमान हैं।

**2.कर्नाटक की शिल्पकला का परिचय दीजिए। [अथवा] कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला का वर्णन कीजिए।**

कर्नाटक राज्य की शिल्पकला अनोखी है। बादामी, ऐहोले, पट्टदकलु में जो मन्दिर है उनकी शिल्पकला और वस्तुकला अद्भुत है। बेलूर, हलेबीडू, सोमनाथपुर के मन्दिरों में जो पत्थर की जो मूर्तियाँ हैं, वे सजीव लगती हैं। श्रवणबेलगोल में 57 फूट ऊँची गोमटेश्वर की एक शिला प्रतिमा है जो दुनिया में त्याग और शांति का संदेश दे रही है।

**3. कन्नड भाषा तथा संस्कृति को कर्नाटक के साहित्यकारों की क्या देन है?**

**[अथवा]**

**'कर्नाटक संपदा' पाठ के आधार पर कर्नाटक के साहित्यकारों का परिचय दीजिये।**

कर्नाटक के साहित्यकारों ने सारे संसार में कर्नाटक की कीर्ति फैलायी है। वचनकार बसवण्णा क्रांतिकारी समाज सुधारक थे। अक्कमहादेवी, अल्लमप्रभु, सर्वज्ञ, जैसे अनेक संतों ने अपने अनमोल वचनों द्वारा प्रेम, दया और धर्म की सीख दी है। पुरंदरदास, कनकदास आदि भक्त कवियों ने भक्ति, नीति, सदाचार के गीत गाये हैं। पम्प, रन्न, पौन, कुमारव्यास, हरिहर, राघवांक आदि ने महान् काव्यों की रचना कर कन्नड साहित्य को समृद्ध बनाया है।

**IV. कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए :**

(गंग, त्याग, पुराण, वैभव, कीर्ति, साबुन, चंदन, शांति)

1] कर्नाटक को ____ का आगार कहते हैं।

2] गोमटेश्वर की प्रतिमा दुनिया को त्याग और ____ का संदेश दे रही है।

3] मैसूर का राजमहल कर्नाटक के ____ का प्रतीक है।

4] कर्नाटक के अनेक साहित्यकारों ने सारे संसार में कर्नाटक की _____ फैलायी है।

उत्तर:- **1]** चंदन **2]** शांति **3]** वैभव **4]** कीर्ति।

**V.** कन्नड़ या अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :

**1]** कर्नाटक में कन्नड़ भाषा बोली जाती है और इसकी राजधानी बेंगलूरू है ।

ಕರ್ನಾಟಕದಲ್ಲಿ ಕನ್ನಡ ಭಾಷೆಯನ್ನು ಮಾತನಾಡುತ್ತಾರೆ. ಮತ್ತು ಇದರ ರಾಜಧಾನಿ ಬೆಂಗಳೂರು.

**2]** कर्नाटक में चंदन के पेड़ विपुल मात्रा में हैं ।

ಕರ್ನಾಟಕದಲ್ಲಿ ಗಂಧದ ಮರಗಳು ಯಥೇಚ್ಚ್ಯವಾಗಿವೆ.

**3]** जगनमोहन राजमाल का पुरातत्व वस्तु संग्रहालय अत्यंत आकर्षणीय है ।

ಜಗನ್ಮೋಹನ ರಾಜಮಹಲ್ ನ ಪುರಾತತ್ವ ವಸ್ತು ಸ್ಂಗ್ರಹಾಲಯವು ಅತ್ಯಂತ ಆಕರ್ಷಣೀಯವಾಗಿದೆ.

**4]** वचनकार बसवण्णा क्रांतिकारी समाज सुधारक थे ।

ವಚನಕಾರ ಬಸವಣ್ಣ ಕ್ರಾಂತಿಕಾರಿ ಸಮಾಜ ಸುಧಾರಕರಾಗಿದ್ದರು.

**VI.** नमूने के अनुसार इन शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए :

उदाः पर्वत – अद्रि – पहाड़ – गिरि

1] सागर – समुद्र – जलधि – अंबुधि

2] आगार – घर – निकेतन – गृह

3] जल – पानी – अंबु – नीर

4] आकाश – आसमान – गगन – नभ

**VII.** विलोम शब्द लिखिए :

1] सुंदर × कुरूप

2] विदेश × स्वदेश

3] आदि × अनादि/अंत

4] सजीव × निर्जीव

5] सदाचार × दुराचार

6] आयात × निर्यात

**VIII.** उदाहरण के अनुसार बहुवचन रूप बनाना सीखिए :

उदा : संधि – संधियाँ

1] मूर्ति – मूर्तियाँ

2] उपलब्धि – उपलब्धियाँ

3] कृति – कृतियाँ

4] नीति – नीतियाँ

5] संस्कृति – संस्कृतियाँ

6] पद्धति – पद्धतियाँ

**IX.** **विच्छेद कर संधि का नाम लिखिए :**

दिग्गज, पर्वतावली, संग्रहालय, जलाशय, जगनमोहन, सदाचार, अत्यंत

1] दिग्गज = दिक् + अज (व्यंजन संधि)

2] पर्वतावली = पर्वत + आवली (दीर्घ संधि)

3] संग्रहालय = संग्रह + आलय (दीर्घ संधि)

4] जलाशय = जल + आशय (दीर्घ संधि)

5] जगनमोहन = जगत् + मोहन (व्यंजन संधि)

6] सदाचार = सत् + आचार (व्यंजन संधि)

7] अत्यंत = अति + अंत (यण् संधि)

**X.** **विग्रह कीजिए और समास का नाम लिखिए :**

देश-विदेश, जलप्रपात, राजवंश, राजमहल।

1] देश-विदेश = देश और विदेश (द्वंद्व समास)

2] जलप्रपात = जल से प्रपात (तत्पुरुष समास)

3] राजवंश = राजा का वंश (तत्पुरुष समास)

4] राजमहल = राजा का महल (तत्पुरुष समास)

**XI.** **परियोजना :**

श्री कृष्णदेवराय, विष्णुवर्धन, इम्मडि पुलिकेशी आदि राजाओं के बारे में चित्र सहित विवरण लिखिए।

कर्नाटक में बहनेवाली नदियों की सूची तैयार कीजिए। हर एक नदी के बारे में पाँच-पाँच वाक्य लिखिए।

**XII.** **सही विकल्प को चुनकर लिखिए :**

**1. तुंगभद्रा नदी इन राज्यों में बहती है**

अ) कर्नाटक-तमिलनाडु आ) कर्नाटक-महाराष्ट्र इ) कर्नाटक-आन्ध्रप्रदेश ई) कर्नाटक-केरल

**इ) कर्नाटक-आन्ध्रप्रदेश**

**2.श्रवणबेलगोला की गोमटेश्वर मूर्ति का निर्माण इन्होंने कराया था**

अ) दीवान पूर्णय्या आ) मिर्जा इस्माइल इ) श्री वीरेन्द्र हेग्गडे ई) चातुंडराया

**ई) चातुंडराया**

**3. ज्ञानपीठ से पुरस्कृत प्रथम कन्नड़ साहित्यकार हैं**

अ) चंद्रशेखर कंबार आ) कुवेंपु इ) यू.आर. अनंतमूर्ति ई) गिरीश कार्नाड

**आ) कुवेंपु**

**4. कन्नड भाषा के प्रथम 'राष्ट्रकवि' की उपाधि से अलंकृत साहित्यकार ये हैं**

अ) गोविंद पै आ) कुवेंपु इ) जी.एस. शिवरुद्रप्पा ई) ती.नं.श्री.

**अ) गोविंद पै**

**XIII.** **अर्थ समझिए और वाक्य में प्रयोग कीजिए :**

1. तक – थक

2. चोर – छोर

3. बात – भात

4. काल – खाल।

1) तक – थक

तक – मैं बेंगलूर से मैसूर तक रेलगाड़ी से गया।

थक – आज मैं बहुत थक गया हूँ।

2) चोर – छोर

चोर – सावधान! यहाँ चोर बहुत हैं।

छोर – गोपाल नदी की एक छोर से दूसरे छोर तक नाव में गया।

3) बात – भात

बात – बात ऐसी करो कि सबको अच्छी लगे।

भात – सरला अपने कुत्ते को भात खिलाती है।

4) काल – खाल

काल – खोया हुआ काल फिर नहीं आता।

खाल – हाथी की खाल की बढ़ती माँग की वजह से काफी मात्रा में हाथियों को मारा जाता है।

**XIV.** **अनुरूपता:**

1] दक्षिण से उत्तर के छोर की पर्वतमाला : पश्चिमी घाट : : दक्षिण की पर्वतावलियाँ : ____

2] कर्नाटक : चंदन का आगार : : बेंगलूरु : ____

3] सी.वी. रामन : नोबेल पुरस्कृत : : सर एम. विश्वेश्वरय्या : _____

4] भद्रावती : लोहे और इस्पात : : मैसूर : _____

5] कावेरी : नदी : : जोग : _____

6] बेलूरु : शिल्पकला : : गोलगुंबज़ : ____

7] सेंट फिलोमिना : चर्च : : जगनमोहन राजमहल : _____

8] कृष्णदेवराय : शासक : : राष्ट्रकूट : ______

9] बसवण्णा : वचनकार : : कनकदास : ______

10] पंपा : प्राचीन कवि : : कंबार : _____

**उत्तर:-**

1] दक्षिणी घाट 2] सिलिकॉन सिटी 3] भारत रत्न 4] राजमह 5] जलप्रपात

6] वास्तुकला 7] आर्ट गैलरी 8] राजवंश 9] भक्त कवि: 10] आधुनिक कवि

# बाल शक्ति

**I.** एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

**1 कौन-कौन कंचे खेल रहे थे?**

रामू और श्यामू कंचे खेल रहे हैं।

**2. खेल में कौन सदा बेईमानी करता है?**

रामू खेल में सदा बेईमानी करता है।

**3. रामू को स्कूल जाने के लिए कौन कहता है?**

रामू को स्कूल चलने के लिए मोहन कहता है।

**4. रामू ने किस विषय का गृह-कार्य नहीं किया था?**

रामू ने गणित का गृहकार्य नहीं किया था।

**5. हमें किस उम्र में अच्छी आदतें डालनी है?**

हमें 12 वर्ष की उम्र में अच्छी आदतें डालनी है।

**6. रामू को टोली में लाने की जिम्मेदारी किसने ली?**

रामू को टोली में लाने की जिम्मेदारी संजय ने ली।

**7. टोली का मुखिया कौन बना?**

टोली का मुखिया मोहन बना।

**8. बच्चों की तारीफ किसने की?**

बच्चों की तारीफ़ कलेक्टर ने की।

**II.** दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

**1. रामू में कौन-कौन-सी बुरी आदतें थीं?**

रामू बात-बात में झूठ बोलता है। गृहकार्य नहीं करता है। स्कूल से छुट्टी ले लेने की बुरी आदत थी।

**2. गाँव की सफाई के लिए बालक क्या काम करते हैं? [अथवा] बाल-शक्ति टोली ने गाँव की सफाई के लिए क्या-क्या काम किया?**

बाल-शक्ति टोली ने गाँव के गड्ढों को मिट्टी से भरा। गाँव का कूड़ा डालने के लिए निश्चित जगह बनाकर, सबको वहीं कूड़ा डालने को कहा। गाँव को हरा-भरा रखने के लिए चारों तरफ पेड़-पौधे लगाए।

**3. गाँव को आदर्श गाँव कैसे बनाया जा सकता है?**

गाँव की नियमित साफ़ सफाई करके गंदगी को दूर करना चाहिए। गाँव को हरा-भरा रखना चाहिए। गाँव का कूडा एक निश्चित जगह पर डालना चाहिए। स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक बनाना चाहिए। इस तरह गाँव को 'आदर्श गाँव' बना सकते हैं।

**4. कलेक्टर साहब ने बच्चों की बड़ाई में क्या कहा? [अथवा] कलेक्टर साहब ने बाल-शक्ति की प्रशंसा क्यों की? [अथवा] जिले के कलेक्टर में गाँववालों से क्या कहा?**

गाँव को साफ-सुथरा देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कलेक्टर कहते है कि बच्चों ने गाँव को नया जीवन दिया है। सबने मिलकर गाँव को स्वच्छ वातावरण दिया है। बाल-शक्ति के कारण गाँव आदर्श गाँव बन गया है।

**5. पाँच हजार रुपये मिलने पर मोहन क्या सोचता है?**

अपने गाँव को साफ-सुथरा करके एक आदर्श गाँव बनाने के लिए बाल-शक्ति टोली को सरकार की तरफ से पाँच हजार रुपये मिलते हैं। रुपयों का लिफाफा स्वीकार करते हुए मोहन सोचता है कि ये रुपये प्रधानाध्यापक जी को देंगे ताकि स्कूल के पुस्तकालय में गरीब बच्चों के लिए पुस्तकों का प्रबंध कर सकें।

**III. मिलान कीजिए:**

**उत्तर:-**

| अ | | ब |
|---|---|---|
| 1) बेईमानी करनावाला | – | ई) रामू |
| 2) टोली का नाम | – | उ) बाल-शक्ति |
| 3) इनाम के रुपये | – | आ) पाँच हजार |
| 4) टोली का मुखिया | – | अ) मोहन |
| 5) ये गाँव के सपूत हैं | – | इ) बुजुर्ग |

**IV. खाली जगह भरिए:**

1] रामू और श्यामू ______ खेल रहे थे।

2] ______ की कॉपी घर पर भूल आया हूँ।

3] अभी से अच्छी _____ डालनी चाहिए।

4] _____ की गंदी आदतें छुड़वाएँगे।

5] रोज एक घंटा गाँव की _____ में लगाएँगे।

6] कूड़ा डालने के लिए एक ______ जगह बनाएँगे।

7] आपका गाँव एक ______ गाँव बन गया है।

**उत्तर:-**

1] कंचे  2] गणित  3] आदतें  4] रामू  5] सफाई  6] निश्चित  7] आदर्श।

**V. शब्द लड़ी बनाइए :**

जैसे : कंचा → चारु → रुपया → यार, रमा (अंतिम वर्ण से एक नया शब्द)

1] बालक → कल → लड़का → काम → मकान

2] गाँव → वर → रहना → नाम → मन

3] टोली → लीची → चीख → खतरा → राजा

4] फलदार → रखना → नाराज → जमीन → नमक

5] इनाम → मजाक → कमरा → रात → तराजू

**VI.** विलोम शब्द लिखिए :

उदाः अपना × पराया

1] रात × दिन 2] आदि × अन्त 3] आयात × निर्यात 4] आय × व्यय 5] उल्टा × सीधा

6] हानि × लाभ 7] तोड़ × जोड़ 8] थोड़ा × बहुत 9] उतार × चढ़ाव

**VII. 'बेईमानी' ईमानी का विलोम शब्द है। 'ईमानी' शब्द से पहले 'बे' प्रत्यय जोड़ने से यह शब्द बना है। इसी तरह अप, अन, कु, बद उपसर्गों (प्रत्यय) को जोड़कर पाँच-पाँच शब्द बनाइए।**

1) अप - अपमान, अपवाद, अपंग, अपहरण, अपराध।

2) अन - अनपढ़, अनजान, अनसुना, अनगिनत, अनबन।

3) कु - कुमार्ग, कुरूप, कुकर्म, कुचेष्टा, कुपुत्र।

4) बद - बदनसीब, बद्दुआ, बद्माश, बदनाम, बदबू।

**VIII. 'न' को अंतिम अक्षर के रूप में प्रयोग कर शब्द रचिए :**

**IX. अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए:**

जैसे : श्यामू कंचा खेलता है।

श्यामू कंचा खेलता है।

कलेक्टर साहब इनाम देते हैं।

मोहन इनाम लेता है।

बालकों की टोली बनती हैं।

बालक कंचा खेलते हैं।

# कोशिश करनेवालों की कभी हार नहीं होती

**I.** एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

**1.किससे डरकर नौका पार नहीं होती?**

लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती।

**2.किनकी हार नहीं होती है?**

कोशिश करनेवालों की हार नहीं होती।

**3.दाना लेकर कौन चलती है?**

नन्हीं चींटी दाना लेकर चलती है।

**4.चींटी कहाँ चढ़ती है? [अथवा] चींटी दाना लेकर कहाँ चढ़ती है?**

चींटी दीवारों पर चढ़ती है।

**5. किसकी मेहनत बेकार नहीं होती?**

नन्हीं चींटी की मेहनत बेकार नहीं जाती। **[अथवा]** कोशिश करनेवालों की मेहनत बेकार नहीं जाती।

**6. सागर में डुबकियाँ कौन लगाता है?**

सागर में गोताखोर डुबकियाँ लगाता है।

**7. मोती कहाँ मिलता है?**

मोती गहरे पानी में मिलता है।

**8. किसकी मुट्ठी खाली नहीं होती?**

गोताखोर की मुट्ठी खाली नहीं होती। **[अथवा]** हमेशा कोशिश करनेवालों की मुट्ठी खाली नहीं होती। **[अथवा]** जीत का लक्ष्य रखनेवालों की मुट्ठी खाली नहीं होती।

**9. कहाँ से भागना नहीं चाहिए?**

संघर्ष का मैदान छोड़कर भागना नहीं चाहिए।

**10. कुछ किये बिना ही क्या नहीं होती है?**

जय जयकार नहीं होती है।

**II.** दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

**1. चींटी के बारे में कवि क्या कहते हैं?**

कवि 'सोहनलाल विवेदी' चींटी के बारे में यह कहते हैं कि वह जब दीवारों पर चढती है तब सौ बार गिरती, फिसलती है । मगर फिर भी वह कोशिश करती रहती है, हार नहीं मानती । मन में अगर विश्वास हो तो कब्बि से कठिण काम आसान हो जाता है ।

**2. गोताखोर के बारे में कवि के विचार क्या हैं?**

गोताखोर के बारे में कवि के यह विचार है कि गहरे पानी में गोताखोर डुबकी लगाकर मोती को पा सकता है ठिक वैसे ही हमें सतत प्रयत्नशील रहना चाहिए। मुसीबतों को देखकर भागना नहीं चाहिए। उसका हिम्मत के साथ मुकाबला करना चाहिए।

**3. असफलता से सफलता की ओर जाने के बारे में कवि क्या संदेश देते हैं?**

असफलता को एक चुनौती के रूप में स्वीकार करना चाहिए। अपनी कमियों की तरफ़ ध्यान देना चाहिए। जब तक सफल न हो आराम नहीं करना चाहिए। संघर्ष का मैदान नहीं छोड़ना चाहिए। सफलता जरूर मिलती है।

**III. जोड़कर लिखिए :**

**उत्तर:-**

| अ | | ब |
|---|---|---|
| 1) लहर | – | उ) नौका |
| 2) चींटी | – | ई) दाना |
| 3) गोताखोर | – | अ) डुबकियाँ |
| 4) असफलता | – | आ) चुनौती |
| 5) कमी | – | इ) सुधार |

**IV. भावार्थ लिखिए :**

नन्हीं चींटी जब दाना लेकर चलती है,
चढ़ती दीवारों पर सौ बार फिसलती है।
मन का विश्वास रगों में साहस भरता है,
चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है।
आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती,
कोशिश करनेवालों की कभी हार नहीं होती।

लगातार प्रयत्न करने से सफलता निश्चित मिलती है। असफलता से घबराना नहीं चाहिए। जैसे चींटी जब दाना लेकर दीवार पर चढ़ती है तो कई बार फिसलकर गिरती है। लेकिन वह दीवार पर चढ़ने का प्रयत्न जारी रखती है। अपना आत्मविश्वास नहीं खोती। ऐसे में असफलताएँ निराश नहीं करती है। और अंत में मेहनत का फल मिलता है। क्योंकि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं हो सकती। असफलता के बाद सफलता जरूर मिलती है।

**V. उदाहरण के अनुसार तुकांत शब्दों को पहचानकर लिखिए :**

उदाः पार – हार

1] चलती – _____ फिसलती 2] भरता – _____ अखरता 3] लगाता – ___ आता

4] बार – _____ हार 5] स्वीकार – _____सुधार

**VI.** **सफलता प्राप्त करने से संबंधित शब्दों पर गोला लगाइए:**

सार्थक परिश्रम, आत्मविश्वास, आराम से सोना, सतत अभ्यास, हैरान होना, बेकार का काम करना, पराजय का स्वीकार, सार्थक काम करना, कुछ करके देखना, शिक्षा प्राप्ति, भटकना, भाग जाना, भला करना।

**VII.** **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 'परिश्रम' पर लघु लेख तैयार कीजिए :**

कोशिश, मेहनत, उत्साह, साहस, गिरना-चढ़ना, सहजता, खाली हाथ, चुनौती, संघर्ष, नींद-चैन।

1] हमेशा लक्ष्य प्राप्ति के लिए कोशिश करनी चाहिए।

2] मेहनत कभी बेकार नहीं जाती।

3] इसलिए असफल होने पर भी उत्साह और साहस में कमी नहीं आने देना चाहिए।

4] गिरना-चढ़ना प्रकृति का नियम है।

5] इसलिए हमें सहजता के साथ प्रयत्न करते रहना चाहिए।

6] जो व्यक्ति अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहता है, वह मार्ग में आनेवाली कठिनाइयों को चुनौती के रूप में लेता है।

7] नींद-चैन नहीं लेता है।

8] निरंतर संघर्ष करता है।

9] वह कभी भी खाली हाथ नहीं लौटता।

10] उसे जीत अवश्य मिलती है।

**VIII.** **कविता की अंतिम पंक्तियों को कंठस्थ करके लिखिए :**

असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,
क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो।
जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,
संघर्ष का मैदान छोड़कर मत भागो तुम।
कुछ किए बिना ही जय-जयकार नहीं होती,
कोशिश करनेवालों की कभी हार नहीं होती।

**IX.** **अनुरूपता:**

1] मेहनत : परिश्रम : : कोशिश : _____

2] चढ़ना : उतरना : : हारना : _____

3] स्वीकार : इन्कार : : चैन : ______

4] सिंधु : समुद्र : : हाथ : _____

**उत्तर:-** **1]** प्रयत्न **2]** जीतना **3]** बेचैन **4]** हस्त।

# शनि सबसे सुंदर ग्रह

I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

**01] सौरमंडल का सबसे बडा ग्रह कौन-सा है ?**

उत्तर **:** सौरमंडल का सबसे बडा ग्रह बृहस्पति है ।

**02] सौरमंडल में शनि ग्रह का स्थान क्या है ?**

उत्तर : सौरमंडल में शनि ग्रह का स्थान दूसरा है ।

**03]** पृथ्वी और सूर्य में कितना फासला है **?**

उत्तर : पृथ्वी और सूर्य में करीब 15 करोड किलोमीटार का फासला है ।

04] शनि किसका पुत्र है **?**

उत्तर **:** शनि सूर्य का पुत्र है ।

**05]** शनैःचर का अर्थ क्या है **?**

उत्तर **:** शनैःचर का अर्थ है धीमी गति से चलनेवाला ।

**06]** सूर्य का एक चक्कर लगाने में शनि को कितना समय लगता है **?**

उत्तर : सूर्य का एक चक्कर लगाने में शनि को करीब तीस वर्ष का समय लगता है ।

**07]** शनि एक राशि में कितने सालों तक रहता है **?**

उत्तर : शनि एक राशि में साढ़े सात सालों तक रहता है ।

**08]** बहुत कम सूर्यताप किस ग्रह पर होता है **?**

उत्तर : बहुत कम सूर्यताप शनि ग्रह पर होता है ।

**09]** शनि का निर्माण किस प्रकार हुआ है **?**

उत्तर **:** शनि का निर्माण – हाईड्रोजन, हीलियम , मीथेन तथा एमोनिया गैसों से बना हैं ।

**10]** शनि के उपग्रह टाइटन के बारे में लिखिए । सौरमंडल का सबसे बडा उपग्रह कौन-सा है **?**

टाइटन शनि का सब से बड़ा उपग्रह है जो हमारे चंद्र से भी बड़ा है ।

इसका व्यास 5150 किलोमिटर है ।

**11]** शनि ग्रह को ठंडा ग्रह क्यों कहा गया है**?**

पृथ्वी की अपेक्षा शनि सूर्य से करीब दस गुना दूर है ।

इस कारण सूर्यताप शनि पर बहुत कम पहुँचता है,

इसीलिए शनि को ठंडा ग्रह कहा गया है ।

# सत्य की महिमा

**01] सत्य क्या होता है ? उसका रूप कैसा होता है ?**

उत्तर : सत्य ! बहुत भोला-भाला, बहुत ही सीधा-सादा! अपनी आँखों से जो देखा, बिना नमक-मिर्च लगाए बोल दिया- यही सत्य होता है । दृष्टि का प्रतिबिंब, ज्ञान की प्रतिलिपि और आत्मा की वाणी ही उसका रूप होता है ।

**02] झूठ का सहारा लेते हैं, तो क्या-क्या सहना पडता है ?**

उत्तर : झूठ का सहारा लेने से – क्षणिक लाभ विकास के मार्ग के लिए बाधा बन जाता है । व्यक्तित्व कुंठित हो जाता है । झूठ बोलनेवालों से लोगों का विश्वास उठ जाता है । मुँह काला करना पड़ता है । उनके उन्नति के द्वार बंद हो जाते हैं ।

**03] शास्त्र में सत्य बोलने का तरीका कैसे समझाया गया है?**

शास्त्रों में सत्य बोलने को कुछ इस तरह समझाया है ।

'सत्यं ब्रूयात्, प्रिय ब्रूयात्, न ब्रूयात् सत्यमप्रियम्' अर्थात्,

'सच बोलो जो दूसरों को प्रिय लगे, अप्रिय सत्य मत बोलो।'

04] **" संसार के महान् व्यक्तियों ने सत्य का सहारा लिया है" - सोदाहरण समझइए।**

उत्तर : संसार में जितने महान् व्यक्ति हुए, सबने सत्य का सहारा लिया है।

उदा:- (i) राजा हरिश्चंद्र की सत्यनिष्ठा विश्वविख्यात है। उन्हें सत्य के मार्ग पर चलने अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन उनकी कीर्ति आज भी सूरज की रोशनी से कम प्रकाशमान नहीं है।

(ii) राजा दशरथ ने सत्यवचन निभाने के लिए अपने प्राण त्याग दिए।

(iii) महात्मा गाँधी जी ने सत्य की शक्ति से ही विदेशी शासन को झकझोर दिया ।

**05] महात्मा गाँधी के सत्य की शक्ति के बारे में क्या कथन है ?**

" सत्य एक विशाल वृक्ष है। उसका जितना आदर किया जाता है,

उतने ही फल उसमें लगते हैं। उनका अंत नहीं होता । "

**06] झूठ बोलनेवालों की हालत कैसी होती है ?**

उत्तर : झूठ बोलनेवालों की व्यक्तित्व कुंठित होता है । झूठ बोलनेवालों से लोगों का विश्वास उठ जाता है। उनकी उन्नति के द्वार बंद हो जाते हैं । अगर झूठ पता चला तो मुँह काला करना पड़ता है ।

**07] हर स्थिति में सत्य बोलने का अभ्यास क्यों करना चाहिए ?**

उत्तर : सत्य वह चिनगारी है जिससे असत्य पल भर में भस्म हो जाता है । अतः हमें हर स्थिति में सत्य बोलने और पालन करने का अभ्यास करना चाहिए ।

# नागरिक के कर्तव्य

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

**01] मीना मैडम ने कितने दिनों के कार्यशिबिर का आयोजन किया था?**

उत्तर : मीना मैडम ने १५ दिनों का कार्यशिबिर का आयोजन किया था ।

**02] संभाषण का विषय क्या था?**

उत्तर : संभषण का विषय-'कौशल विकसन' का था ।

**03] अकुल ने मीना मैडम से क्या कहा?**

उत्तर : अकुल ने मीना मैडम से कहा- एक नागरिक की हैसियत से हमें अपने देश के राष्ट्रध्वज, राष्ट्रगान, राष्ट्रीय त्योहार आदि का आदर करना चहिए ।

**04] सलमा ने क्या कहा?**

उत्तर : सलमा ने – प्राकृति हमारी माता है । इसलिए हमें प्राकृतिक संसाधनों का अपव्यय करना नहीं चाहिए । अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखना भी हमारा दायित्व है ।

**05] अन्वर ने मीना मैडम से क्या कहा?**

उत्तर : अन्वर ने मैडम जी से कहता है – समस्त देशवासियों के प्रति भाई-चारे का भाव रखना और जाति, धर्म, भाषा, प्रदेश, वर्ग पर आधारित सभी भेद-भावों से दूर रहना चाहिए ।

**06] मीना मैडम ने छात्रों से अंत में क्या कहा?**

उत्तर : मीना मैडम ने छात्रों से अंत में कहा- आज के बच्चें कल के नागरिक हैं । विध्यार्थियों ! आज से, नहीं नहीं; अब से ही आप इन कर्तव्यों का पालन करना शुरू करो । इससे आपका हित तो होगा ही, देश का कल्याण भी होगा ।

# निबंध

## 1.इंटरनेट

**अर्थ :**

इंटरनेट का अर्थ है अनगिनत कंप्यूटरों का एक दूसरे कंप्यूटरों के साथ संपर्क जोड़नेवाला जाल।

**लाभ :**

इंटरनेट के द्वारा घर बैठे-बैठे खरीदारी कर सकते हैं । कोई भी बिल भर सकते हैं । इंटरनेट बैंकिंग द्वारा दुनिया के किसी भी कोने में जितनी भी चाहे रकम भेजी जा सकती है। सचित्र संभाषण किया जा सकता है । सोशियल नेटवर्किंग द्वारा दुनिया के किसी भी देश के रहन-सहन, वेश-भूषा की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मुक्त संभाषण भी संभव है।

**हानियाँ :**

इंटरनेट की वजह से पैरसी, बैंकिंग फ्रॉड, हैकिंग आदि बढ़ रही है । मुक्त वेबसाइट से चैटिंग आदि से युवा पीढ़ी इंटरनेट के कबंध बाहों के पाश में फंसी हुई हैं । इंटरनेट की वजह से अनुपयुक्त जानकारी हासिल कर रहे हैं।

**उपसंहार :**

इंटरनेट एक ओर वरदान है तो, दूसरी ओर अभिशाप भी है। इसलिए छोटे बच्चों से लेकर बड़े - बूढ़ों तक सचेत रहना चाहिए।

## 2 वनमहोत्सव

**विषय प्रवेश :**

मानव जीवित रहने के लिए वन्य संपदा की उतनी ही आवश्यकता है, जितनी की अन्य संपदाओं की । पौधे और जंतु दोनों ही वन के अंग है। यदि कोई एक अंग समाप्त हो जाएगा तो समूचा वन समाप्त हो सकता है।

**वृक्षों का उपयोग :**

वृक्षों से अनेक उपयोग है । वे हैं - लकड़ी प्राप्ति, उद्योगों के लिए कच्चा माल, फलों की प्राप्ति, रोजगार की प्राप्ति, पशुओं को चारा, इंधन की प्राप्ति, पशु - पक्षियों का संरक्षण, बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति - आदि जलवायु, वर्षा में सहायक, भूमि कटाव पर रोक, बाढ़ पर नियंत्रण, राष्ट्र की सुरक्षा, पर्यावरण को शुद्ध रखना। वनों से प्राप्त होनेवाली विभिन्न वस्तुएँ : वनों से अनेक वस्तुएँ प्राप्त होती हैं । उनमें प्रमुख है गोंद, जड़ी - बूटियाँ, रबड़, लाख, चमड़ा - आदि इन वस्तुओं से चमड़ा उद्योग, दियासलाई उद्योग, आदि से लगभग 8 लाख लोगों को रोजगार मिलता है।

वनों का नाश :

वनों के विनाश के कारण जल प्रदूषण, रासायनिक प्रदूषण, वायु प्रदूषण, आदि उत्पन्न हो जाते हैं। वृक्षोपण की परंपरा : 26 मार्च 1974 में पेड़ों की कटाई रोकने के लिए चिपको आंदोलन शुरू हुआ। जिसका आरंभ स्थान उत्तराखंड के रैणी गाँव है। इस आंदोलन के प्रमुख नेता सुंदरलाल बहुगुण हैं।

उपसंहार :

वनों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। वन किसी भी देश की आर्थिक प्रगति के आधार होते हैं। इसी संदर्भ में पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कहा है, एक उगता हुआ पेड प्रगतिशील राष्ट्र का प्रतीक है। सरकार को वृक्षों की कटाई को रोकने के लिए कठोर कदम उठाने चाहिए। इसके साथ ही प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड़ लगाकर इस कार्यक्रम में अपना सहयोग देना चाहिए।

## 3. . स्वच्छ भारत अभियान

प्रस्तावना :

स्वस्थ जीवन जीने के लिए स्वच्छता का विशेष महत्व है। स्वास्थ्य को नष्ट करने के जितने भी कारण हैं, उनमें गंदगी प्रमुख है। बीमारियाँ गंदगी में ही फैलती हैं। राष्ट्रपिता गांधी ने भारत के स्वतंत्रता से पहले अपने समय के दौरान " स्वच्छता आजादी से अधिक महत्वपूर्ण है" कहा था आजादी के कई वर्षों बाद सफाई के बारे में एक अभियान शुरू हुआ है।

महत्व :

2 अक्टूबर 2014 महात्मागांधीजी के जन्म दिन के अवसर पर भारत के प्रधान मंत्री ने स्वच्छ भारत अभियान नामक एक अभियान शुरू किया इस अभियान के पूरे होने का लक्ष्य 2019 है। जो कि महात्मा गांधी की 150वीं जयंती है। स्वच्छ भारत अभियान पूरी तरह से देश की आर्थिक क्षमता के साथ जुड़ा हुआ है। इस अभियान को शुरुआत करने का प्रमुख कारण लोगों को स्वच्छता की ओर जागृत करना, शौचालय की सुविधा देना, स्वच्छता से जीने के लिए प्रेरणा देना और स्वस्थ जीवन की नींव डालना।

उपसंहार :

भारत के प्रधानमंत्री ने हर भारतीय को स्वच्छता के लिए 100 घंटे प्रति वर्ष समर्पित करने के लिए अनुरोध किया है। इसलिए हम सब को इस अभियान को साकार बनाने के लिए कार्य प्रवृत्त होना चाहिए।

# 4. बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ

**विषय प्रवेश :**

देश की बेटियों की रक्षा और उन्नति के साथ बेटियों की सामाजिक स्थिति में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए **" बेटी बचाओ , बेटी पढ़ाओ "** नाम से इस योजना का शुभारंभ किया गया |

**परिवार और समाज में बेटियों का स्थान :**

हमारे भारतीय परिवार और समाज में पौराणिक संस्कृति के साथ साथ महिलाओं का आदर भी किया जाता था, लेकिन बदलते समय के अनुसार हमारे देश के लोगों की सोच में भी बदलाव आ गया है | जिसके कारण आज परिवार और समाज में महिलाओं के साथ एक जैसा व्यवहार किया नहीं जा रहा है |

**बेटियों की दुर्दशा का कारण**

- लैंगिक भेदभाव
- शिक्षा की कमी
- भ्रष्ट मानसिकता
- दहेज प्रथा इत्यादि

**बेटियों की रक्षा एवं सर्वांगीण विकास केलिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम/योजना :**

बेटियों को बचाने और शिक्षित करने के लिए सरकार ने इस योजना का आरंभ किया | भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 22 जनवरी 2015 को हरियाणा के पानीपत में **"बेटी बचाओ , बेटी पढ़ाओ "** सरकारी सामाजिक योजना का आरंभ किया है |

**योजना का उद्देश्य :**

- घटते लिंगानुपात को रोकना
- बेटियों के प्रति रूढ़िवादी मानसिकता को बदलना
- लिंग आधारित भ्रूण हत्या रोकना
- लड़कियों के प्रति भेदभाव रोकना
- बालिकाओं की शिक्षा को आगे बढ़ाना
- लिंग जाँच को रोकना
- स्त्री शिक्षा को बढ़ावा देना
- लड़कियों की सुरक्षा के प्रति सख्त कानून बनाना | इत्यादि

**उपसंहार :**

इस योजना को ध्यान में रखते हुए कहा जा सकता है कि आने वाले दिनों में सामाजिक आर्थिक कारणों की वजह से किसी भी लड़की को गर्भ में नहीं मारा जाएगा | बेटियाँ अशिक्षित नहीं रहेंगी, असुरक्षित नहीं रहेंगी , लैंगिक भेदभाव को मिटाने के लिए सरकार द्वारा **" बेटी बचाओ , बेटी पढ़ाओ "** की जो योजना का लक्ष्य लड़कियों को आर्थिक और सामाजिक दोनों तरह से स्वतंत्र बनाने का है यह ज़रूर सफल होगा |

# 1- व्यक्तिगत पत्र

## पिता को पत्र

दिनांक : 25.07.2019

**पूज्य पिताजी,**

सादर प्रणाम ।

मैं यहाँ आपके आशीर्वाद से कुशल हूँ । आशा करता हूँ के आप भी वहाँ कुशल होंगे । आपका पत्र मिला, पढ़कर अत्यंत खुशी हुई । मेरी पढाई ठीक चल रही है । आपकी आज्ञानुसार मन लगाकर पढाई कर रहा हूँ ।

हमारी पाठशाला की ओर से अगले महीने दिनांक : 26.08.19 से 28.08.19 तक शैक्षिक यात्रा का अयोजन किया गया है । उसमें मेरे सारे मित्र भी जा रहे हैं, उनके साथ मैं भी जाना चाहता हूँ । इसलिए मुझे यात्रा के लिए निर्धारित धनराशि 2000/- रुपए धनादेश में भेजने की कृपा करें ।
माता जी को मेर प्रणाम, तथा छोटे भाई को ढेर सारा प्यार ।

आपका आज्ञाकारी पुत्र

1. ब .क

सेवा में,
श्री आचार्य
डो. नं- 21, भरतनिवास
राजेश्वरी नगर, मुंबई

# 02 - व्यावहारिक पत्र

## प्रमाण पत्र के लिए पत्र

दिनांक : 01.02.2022

प्रेषक,

महबूब एम

दसवीं कक्षा

सरकारि उच्च माध्यमिक शाला

बल्लारि - 583101

सेवा में,

प्राचार्य

सरकारि उच्च माध्यमिक शाला

बल्लारि - 583101

विषय : प्रमाण पत्र हेतु विनती पत्र,

आदरणीय महोदय,

उपर्युक्त Jविषय के संबंध में आप से निवेदन है कि, मेरे पिताजी का तबादला मैसूर में हो गया है। इसलिए उनके साथ मुझे भी जाना होगा। अतः आप से अनुरोध है कि, मुझे नौं वीं कक्षा उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र, पाठशाला रिहाई का प्रमाण पत्र और चरित्र प्रमाण पत्र देने की कृपा करें।

धन्यवाद,

आपका आज्ञाकारी छात्र

महबूब एम